रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष : 30, अंक : 153 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 38.6, न्यून. 25.0 haribhoomi.com


जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में लैंडस्लाइड में गाड़ियां कीचड़ और पत्थरों के नीचे दब गईं


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



सोनीपत में सड़कें जलमग्न

# जम्मू-कश्मीर से लेकर महाराष्ट्र तक मानसून ने मचाई तबाही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूटने से 10-12 पर्यटक फंस गए। कारों को क्रेन की मदद से निकाला गया। बीएमसी ने सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हो गई। 6-7 गाड़ियां मलबे में दब गईं। मलबा हटाने का काम जारी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में चलती गाड़ी पर पत्थर गिरने से 14 साल की लड़की की मौत हो गई।

**बारिश का कहर**

महाराष्ट्र के सातारा में पुल टूटा, क्रेन से कारें निकालीं

●

मुंबई में रेलवे ट्रैक और एक्सप्रेस-वे बंद, सरकारी व स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी

●

जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड, हिमाचल में कार पर पत्थर गिरा


गुजरात के ऊना में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात

- पुणे में लैंडस्लाइड और बहाव से 3 लोगों की मौत
- कुल्लू में पागल नाले में बाढ़, मलबा आने से हाईवे बंद
- मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द, 217 लेट हुईं
- राजस्थान : पाली जिले में तेज बारिश से डूबा शहर

## प्रदेश में 11 तक खराब रहेगा मौसम

**हरिभूमि टीम (हरियाणा)।** हरियाणा में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। सोमवार को सोनीपत, यमुनानगर, पंचकूला, पानीपत, करनाल, फतेहाबाद और जींद में तेज बारिश हुई। यमुनानगर में तेज बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। सोनीपत और पंचकूला में भी बारिश के बाद कई घंटों तक सड़कों पर पानी भरा रहा। 11 जुलाई तक लगातार बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। पिछले 24 घंटों में हरियाणा में औसतन 0.8 मिमी बारिश हुई। सोमवार सुबह सबसे कम न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस गुरुग्राम में दर्ज किया गया। प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बना रहा और पिछले दिन की तुलना में इसमें कोई खास बदलाव दर्ज नहीं किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश क्षेत्रों में बीच-बीच में तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। बारिश की गतिविधियों के चलते दिन के तापमान में गिरावट आएगी।

**खबर संक्षेप**

### महिलाओं को मिलने वाली नकद राशि बढ़नी चाहिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) ने सोमवार को कहा कि राज्यों में महिलाओं से जुड़ी नकद सहायता योजनाओं की राशि की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए। परिषद ने कहा कि नकद राशि महंगाई बढ़ने और परिवारों के खर्च में बदलाव को देखते हुए जरूरत पड़ने पर बढ़ाई जानी चाहिए। ईएसी-पीएम ने अपनी रिपोर्ट में महाराष्ट्र की माझी लाडकी बहिन योजना और ओडिशा की सुभद्रा योजना का अध्ययन किया। *एजेंसी*

### 87,700 के नकली नोटों के साथ 3 आरोपी पकड़े

**अशोकनगर (मप्र)।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय



जाली भारतीय नोटों के कारोबार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 87,700 मूल्य के नकली नोटों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनका नेटवर्क खंडवा से लेकर उत्तर प्रदेश के आगरा तक फैला हुआ है। मुख्य आरोपी कुलदीप बघेल (22, निवासी राजगढ़) को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 432 जाली नोट मिले। *एजेंसी*

### भगोड़े नीरव को जल्द लाया जा सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता



अब साफ हो गया है। नीरव मोदी यूरोपीय मानवाधिकार अदालत में अपना आखिरी केस भी हार गया है। जिसके बाद उसको भारत लाने यानी प्रत्यर्पण के मामले में बची आखिरी कानूनी बाधा भी दूर हो गई है। यूके की अदालतों में अपील के सभी रास्ते बंद होने के बाद नीरव ने अप्रैल 2026 में अदालत का दरवाजा खटखटाया था। *एजेंसी*

### विनेश केस : डब्ल्यूएफआई को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार छह जुलाई 2026 को पहलवान विनेश फोगाट से जुड़े मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ



(डब्ल्यूएफआई) को बड़ा निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया से कहा है कि वह विनेश फोगाट को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस पर दो सप्ताह के भीतर फैसला करे। न्यायमूर्ति स्वर्णा कांता शर्मा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान विनेश फोगाट की याचिका का निपटारा कर दिया। *एजेंसी*

# राममंदिर चढ़ावा चोरी : चंपत राय व अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

## ट्रस्ट की 3 घंटे चली बैठक, पूर्व आईएफएस कृष्ण मोहन नए महासचिव बने

**एजेंसी ▶▶ अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। चंपत राय की जगह नए ट्रस्टी रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, चंपत राय और गोपाल राव बैठक में शामिल नहीं हुए। ट्रस्टी अनिल मिश्रा भी बैठक में नहीं पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने की। चढ़ावा चोरी के बाद हुई पहली बैठक 3 घंटे तक चली। बैठक के बाद कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी बोले- चंपत राय ने कहा है कि जब तक अपराधी पकड़े नहीं जाते तब तक पद पर रहना सही नहीं है। जो हुआ वह कष्टदायी है। इससे हम सब दुखी हैं। चढ़ावा चोरी लज्जाजनक घटना है। बैठक में ट्रस्ट के, पाराशरन ने कहा था कि त्यागपत्र देते ही इसे स्वीकार करना ट्रस्ट के संविधान में हैं। इसलिए इस्तीफा स्वीकार किया गया।

### 22 जुलाई को होगी बैठक

22 जुलाई को ट्रस्ट की फिर बैठक होगी। कृष्ण मोहन ने कहा- चढ़ावा चोरी के आरोपियों को सजा दिलाएंगे। प्रबंधन की कमियों का फायदा उठाया गया, कमियों को दूर करेंगे ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो। समाज में अविश्वास है। विश्वास को दोबारा स्थापित करेंगे।

### एसआईटी रिपोर्ट हुई सार्वजनिक

चोरी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट पहली बार सार्वजनिक हुई है। ट्रस्ट की बैठक में पेश इस रिपोर्ट में पुष्टि की गई है कि गणना प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर चोरी और गबन हुआ। एसआईटी के अनुसार, उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज में गणना कर्मी करीब 70 बार नोटों की गड्डियां और खुले नोट अपने कपड़ों, जेबों और जूतों में छिपाते हुए पकड़े गए हैं। आरोपियों के बयानों और उनके बैंक खातों में मिले आय से अधिक धन से भी इस बात की पुष्टि हुई है।







**खास बातें**

■ चंपत बोले, जब तक अपराधी नहीं पकड़े जाते, तब तक पद पर रहना सही नहीं

■ महंत नृत्य गोपाल ने कहा, चोरी से मैं आहत कड़ी सजा मिलेगी

### जानिए कौन हैं कृष्ण मोहन

कृष्ण मोहन का जन्म सितंबर 1952 में बरेली में हुआ था। उनके पिता रेलवे में अधिकारी थे। वह मूल रूप



से उप्र के हरदोई जिले के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर बाजार के रहने वाले हैं। 1970 के दशक में लखनऊ विवि से एमएससी की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद, करीब पांच वर्ष तक एटॉमिक एनर्जी विभाग में एक वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया।

### गायब होने का दावा करने वाली 4 चीजों को दिखाया

ट्रस्ट की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन चीजों को भी दिखाया गया, जिनके गायब होने का आरोप लगा था। इनमें कामगुंझुंडी, हार, चरण-पादुका और



सोने की परत वाली रामचरित मानस है। राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद कई दानदाताओं ने दान में दी गई चीजों के गायब होने का दावा किया था। इनमें चांदी से बनी कामगुंझुंडी की प्रतिमा थी।

# झज्जर में खून से लथपथ मिले 2 शव, हत्या कर फेंका

शरीर पर चोटों के निशान, गाड़ी के टायरों के निशान भी मिले

इरशाद और कामिल के तौर पर हुई शवों की पहचान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर**



झज्जर-गुरुग्राम मार्ग पर सोमवार सुबह दुलीना पुलिस चौकी के नजदीक खून से लथ-पथ दो व्यक्तियों के शव पड़े हुए मिले। जिनके शरीर पर चोट और सड़क किनारे गाड़ी के टायरों के भी निशान थे। जिसको देखकर अनुमान लगाया गया कि हत्या करके शवों को यहां फेंका गया है। सूचना मिलने पर सीआईए, एसटीएफ और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। एफएसएल टीम ने भी मौका मुआयना करते हुए साक्ष्य जुटाए। पुलिस को दी शिकायत में यूपी जिला मुजफ्फरनगर के जौला गांव निवासी शकील के पुत्र लियाकत ने बताया कि वे पांच भाई हैं। छोटा भाई इरशाद गांव के साथी कामिल पुत्र सिफेदार के साथ राजस्थान के नीमराणा में रहते थे। सोमवार को उसे सूचना मिली कि उसके भाई इरशाद व कामिल की किसी व्यक्ति ने हत्या कर दी है तथा शवों के खुर्द-बुर्द करने के लिए उन्हें झज्जर-गुरुग्राम मार्ग पर दुलीना चौकी के नजदीक डाल दिया गया है। सूचना के बाद वह यहां पहुंचा तो पता चला कि शवों को नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया गया है।

### चाबी के छल्ले से हुई मृतकों की पहचान

जानकारी अनुसार पुलिस को एक मृतक की जेब से चाबी का छल्ला बरामद हुआ। जिसके ऊपर मोबाइल नंबर लिखे हुए थे। जिस पर कॉल करने उपरांत मृतकों की पहचान संभव हो पाई।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

सदर थाना प्रभारी परमजीत सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्यवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें कार्य कर रही है। आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे।

# हाफिज सईद ने ही रची थी पहलगाम हमले की साजिश

*अब तक हमले के आरोपी 3 आतंकी ढेर*



एनआईए बोली भारत के खिलाफ जंग छेड़ी

●

जांच एजेंसी ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की


**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले पर एनआईए ने सोमवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने कहा कि बैसरनघाटी में हुए आतंकी हमले की साजिश लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद ने ही रची थी। एनआईए ने हाफिज पर भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाया है। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में फायरिंग की थी। टूरिस्टों की धर्म पूछकर हत्या की गई थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। इसके बाद भारत ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। पाकिस्तान और पीओके में 9 ठिकानों पर हमला किया था। भारत का दावा है, इसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। पहलगाम हमले के बाद एनआईए ने 15 दिसंबर 2025 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर साजिद जट समेत 6 आतंकियों को आरोपी बनाया था।

# सीईटी ग्रुप-डी आवेदन में अभ्यर्थी कर सकेंगे करेक्शन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट ग्रुप-डी के आवेदन फॉर्म में सुधार करने के लिए अभ्यर्थियों को एक और मौका देने का फैसला किया है। जिन उम्मीदवारों से फॉर्म भरते समय कोई मानवीय भूल या तकनीकी चूक हो गई थी, वे अब दोबारा खुलने वाले करेक्शन पोर्टल के जरिए अपने दावों और जानकारियों को दुरुस्त कर सकेंगे। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। चेयरमैन के मुताबिक, "सीईटी ग्रुप-डी के अभ्यर्थियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए आगामी 9 जुलाई से 11 जुलाई की रात 11:59 बजे तक करेक्शन पोर्टल को लाइव किया जाएगा।

एचएसएससी ने दी राहत 9 से 11 जुलाई तक खुलेगा करेक्शन पोर्टल

# 3 दिन में 56000 ने किए पवित्र गुफा के दर्शन



### शिवलिंग की लंबाई घटकर एक फीट बची

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6% ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था।

# मणिपुर में आत्मघाती हमले में सेना के 2 जवान शहीद

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के उखरूल जिले में सोमवार दोपहर करीब 1:50 बजे नुंगशांग कॉंग के पास 40 असम राइफल्स के काफिले पर संदिग्ध उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए। हमला उस समय हुआ, जब जवान अपनी ड्यूटी पूरी कर शांगशाक बटालियन हेडक्वॉर्टर की ओर लौट रहे थे। घात लगाकर बैठे हमलावरों ने अचानक अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और जोरदार विस्फोट किए। हमले में वारंट ऑफिसर बलवंत सिंह और राइफलमैन सीएम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत उखरूल जिले के संगशक स्थित असम राइफल्स के नजदीकी शिविर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया और वे शहीद हो गए। उनके पार्थिव शरीर को शांगशाक स्थित असम राइफल्स कैंप ले जाया गया है घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

**आतंकी ब्लास्ट**

वारंट ऑफिसर बलवंत सिंह और राइफलमैन सीएम सिंह शहीद

●

सुरक्षा बलों का घेराबंदी कर तलाशी अभियान किया शुरू

# इंडोनेशिया में पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम, फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट, राष्ट्रपति ने प्रोटोकॉल तोड़ अगवानी की

इंडोनेशिया से भारत का 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य


जकार्ता में गूंजे मोदी-मोदी के नारे, भारतीयों से मिल अभिभूत हुए पीएम

**एजेंसी ▶▶ जकार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे हैं। इस दौरान पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इंडोनेशियाई वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पीएम मोदी के एयरक्राफ्ट को एस्कॉर्ट किया। इसके बाद एयरपोर्ट पहुंचने पर इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने प्रोटोकॉल तोड़ पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया में 8 जुलाई तक रहेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में साझेदारी को गहरा करने पर जोर देंगे। पीएम मोदी के इंडोनेशिया यात्रा के कई उद्देश्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया की महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा पर जकार्ता पहुंचे, जहाँ एयरपोर्ट पर फाइटर जेट्स द्वारा एस्कॉर्ट और पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने स्वयं पहुंचकर पीएम मोदी की अगवानी की। जिसके बाद होटल पहुंचने पर वहां पहले से ही बड़ी तादाद में मौजूद प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री का बेहद गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कक्ष में चारों ओर भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे गूंजने लगे।

पीएम मोदी 8 जुलाई तक इंडोनेशिया में रहेंगे व्यापारिक चर्चा और भारतीयों से करेंगे मुलाकात




राष्ट्रपति ने किया स्वागत


फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट

**खबर संक्षेप**

### चंडीगढ़ पीजीआई में डॉक्टर से मारपीट

**चंडीगढ़।** पीजीआई के एडवांस्ड ट्रॉमा सेंटर (एटीसी) में सोमवार को ड्यूटी के दौरान न्यूरोसर्जरी विभाग के एक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टरों में नाराजगी फैल गई और एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (एआरडी) ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर ट्रॉमा सेंटर में ड्यूटी पर थे। इसी दौरान मरीज के परिजनों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और परिजनों ने डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी। घटना की सूचना तुरंत अस्पताल प्रशासन और पुलिस को दी गई।

### प्रदेश में अनुसंधान तंत्र का होगा विस्तारः रस्तोगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नीति आधारित अनुसंधान तथा साक्ष्य-आधारित सुशासन को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शोध केंद्र के रूप में मान्यता देने की कवायद हो रही है। इस पहल का उद्देश्य राज्य की दीर्घकालिक विकास के विजन तथा 'विकसित हरियाणा-2047' के लक्ष्य को बल देने के लिए एक सशक्त अनुसंधान तंत्र विकसित करना है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में बैठक में इस आशय के एक प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई।

### युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही सरकार

**चंडीगढ़।** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों और परीक्षा व्यवस्था पर उठाए जा रहे सवाल गंभीर हैं और सरकार को उनका जवाब देना चाहिए। रविवार को जारी बयान में चौटाला ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बार-बार या तो प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं सामने आ रही है।

### दिशा बैठक में अफसरों पर बरसे सांसद मुलाना

**पंचकूला** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को सांसद वरुण मुलाना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कई विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे। इस दौरान विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई, मेयर श्यामलाल बंसल, उपायुक्त सतपाल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में सांसद ने पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि तीर्थ कायाकल्प योजना के तहत माता मनसा देवी मंदिर में करीब दो वर्ष पहले सोलर पैनल लगाए गए थे, लेकिन आज तक उन्हें बिजली कनेक्शन से नहीं जोड़ा गया।

# डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विजन को साकार कर रही मोदी सरकार : नड्डा

■ नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास, पारदर्शी भर्ती और स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई गति: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

मुख्यमंत्री ने अंबाला साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने और उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रणेता थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी विचारधारा को धरातल पर उतारा जा रहा है। नड्डा सोमवार को अंबाला में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं स्मृति वर्ष कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 21 अक्तूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना कर देश को एक सशक्त वैचारिक विकल्प दिया। आज उसी विचारधारा के आधार पर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और एनडीए की सरकारें देश के अधिकांश हिस्सों में जनसेवा कर रही हैं। नड्डा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया था। जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 हटाकर उनके संकल्प को पूरा किया गया।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने पूर्वी पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए शरणार्थियों को नागरिकता देने की वकालत की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू कर उनकी इस सोच को भी साकार किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया, रक्षा विनिर्माण, सेमीकंडक्टर निर्माण, नई शिक्षा नीति और आत्मनिर्भर भारत जैसे निर्णय डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विजन को आगे बढ़ाने वाले कदम हैं। नई शिक्षा नीति शिक्षा को सुलभ, किफायती, लचीला और मातृभाषा आधारित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है।

### डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को दे रही गति

नड्डा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यमुनानगर में दीनबंधु छोटूराम तापीय विद्युत संयंत्र, द्वारका एक्सप्रेसवे, रेवाड़ी बाईपास, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेल परियोजनाएं तथा खरखौदा में मारुति सुजुकी का विशाल संयंत्र प्रदेश के विकास को नई गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पारदर्शी भर्ती व्यवस्था लागू की गई है और बिना पर्ची-बिना खर्ची हजारों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं। महिलाओं के कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत ढांचे के विकास में भी राज्य सरकार उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना, 500 रुपये में गैस सिलेंडर और किसानों की एमएसपी पर फसलों की खरीद जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया। साथ ही कहा कि प्रदेश में एम्स और कैंसर उपचार सुविधाओं का विस्तार स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा बदलाव लेकर आया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा अंबाला स्थित साइंस सेंटर का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने और उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा का नड्डा ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को बधाई दी।

### मुखर्जी को बताया औद्योगिक क्रांति का अग्रदूत

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रखी। स्वतंत्र भारत के उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने रेल नेटवर्क, एयरपोर्ट, रक्षा उपकरण और परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में दूरदर्शी कार्य किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उसी विजन के साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य डॉ. सुधा यादव, प्रदेश संयोजक संदीप जोशी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा ने भी डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। अंत में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## साइबर ठगी पर बड़ा प्रहार, 31% पीड़ितों को वापस दिलाई राशि

छह माह में 14 हजार से अधिक फर्जी ऑनलाइन सामग्री हटाई

3,947 साइबर अपराधी गिरफ्तार, मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा ने साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए साइबर ठगी के मामलों में मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) के जरिए 31 प्रतिशत धन वापसी सुनिश्चित की है। यह राष्ट्रीय औसत 3.85 प्रतिशत से करीब आठ गुना अधिक है। वहीं, वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में 14,139 अवैध ऑनलाइन सामग्री हटाई गई और 3,947 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र को और सशक्त बनाने के लिए आवश्यक मानव संसाधन की स्वीकृति में तेजी लाने, एआई आधारित साइबर निगरानी, तकनीक आधारित पुलिसिंग तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियोजन और पीड़ित सहायता तंत्र को भी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के मनी रेस्टोरेशन मॉड्यूल के तहत हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्य में 7,316 मामलों में 2,241 रेस्टोरेशन आदेश जारी कर 31 प्रतिशत धन वापसी सुनिश्चित की गई, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह औसत 3.85 प्रतिशत रहा। पुलिस अधीक्षक (साइबर) मयंक गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में पंचकूला में स्थापित राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र (एस4सी) का वर्ष 2026 में विस्तार किया गया है।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में दो नए स्थायी जजों ने ली शपथ

■ जस्टिस हरमीत ग्रेवाल और दीपेंद्र नलवा की नियुक्ति

**चंडीगढ़।** कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने सोमवार को जस्टिस हरमीत सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपेंद्र सिंह नलवा को स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की कमी दूर करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने सोमवार को जस्टिस हरमीत सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपेंद्र सिंह नलवा को स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। दोनों अब तक अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी नियुक्ति की पुष्टि की थी, जिसके बाद केंद्र सरकार ने औपचारिक नियुक्ति आदेश जारी किए। हाईकोर्ट में यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब कोर्ट लंबे समय से न्यायाधीशों की भारी कमी से जूझ रही है। 85 स्वीकृत पदों के मुकाबले फिलहाल केवल 55 न्यायाधीश कार्यरत हैं। यानी करीब एक-तिहाई पद अब भी खाली हैं। हाईकोर्ट को अब उन 10 अधिवक्ताओं की नियुक्ति का इंतजार है, जिनके नाम सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पहले ही मंजूर कर चुका है। केंद्र सरकार की अधिसूचना जारी होते ही ये नियुक्तियां भी प्रभावी हो जाएंगी। इनमें पंजाब और हरियाणा, दोनों राज्यों के अधिवक्ता शामिल हैं। इन नियुक्तियों से कोर्ट की कार्यक्षमता बढ़ने की उम्मीद है।

## हरियाणा कांग्रेस को धार देंगे प्रभारी संजय दत्त, 8 से 12 तक बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त 8 से 12 जुलाई तक हरियाणा के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे पार्टी के सांसदों, विधायकों, जिला अध्यक्षों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और लोकसभा-विधानसभा चुनाव के पराजित उम्मीदवारों से अलग-अलग बैठक कर संगठनात्मक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि हरियाणा का प्रभारी बनने के बाद संजय दत्त का यह पहला प्रदेश स्तरीय दौरा होगा। 8 जुलाई को वे चंडीगढ़ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जनरल बॉडी की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक के बाद सांसदों और विधायकों से व्यक्तिगत मुलाकात कर संगठनात्मक और राजनीतिक विषयों पर चर्चा करेंगे।

### वन-टू-वन बैठक करेंगे : राव

प्रदेश कांग्रेस ने बताया कि 9 जुलाई को संजय दत्त सभी जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। इसमें प्रत्येक जिले के संगठनात्मक कार्य, चुनौतियों



और भविष्य की रणनीति पर मंथन होगा। 10 जुलाई को वे कांग्रेस के अग्रणी संगठनों के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर गठित प्रदेश स्तरीय समिति की बैठक लेंगे। इसी दिन छात्रों की गूंज अभियान की समीक्षा भी करेंगे और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करेंगे। शाम 7 बजे पंचकूला के सेक्टर-26 स्थित कम्युनिटी सेंटर से डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक तक निकाले जाने वाले कैंडल मार्च का भी नेतृत्व करेंगे। 11 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में ओपन हाउस आयोजित होगा। दौरे के अंतिम दिन 12 जुलाई को संजय दत्त लोकसभा और विधानसभा चुनाव-2024 के पराजित उम्मीदवारों से बात करेंगे।

## आईपीएस आलोक मित्तल बने बीपीआरएंडडी के महानिदेशक

**चंडीगढ़।** गृह मंत्रालय के तहत ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरएंडडी) महानिदेशक (डीजी) पद पर हरियाणा कैडर के 1993 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आलोक मित्तल को नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनके पुलिस और प्रशासनिक, अनुसंधान एवं जांच अनुभव के कारण उनकी नियुक्ति को देश में पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बीपीआरएंडडी गृह मंत्रालय के अधीन देश की शीर्ष अनुसंधान एवं विकास संस्था है, जो पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, प्रशिक्षण, अनुसंधान, क्षमता निर्माण तथा सुधारात्मक प्रशासन से जुड़े विषयों पर कार्य करती है। संस्था केंद्र और राज्यों के बीच पुलिस सुधार, नई तकनीकों के समावेशन तथा नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मित्तल ने अपने तीन दशक से अधिक लंबे सेवा काल में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वह हरियाणा में महानिदेशक (जेल), महानिदेशक (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो), अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) व अन्य अहम पदों पर सेवाएं दे चुके है।



## एसआईआर : 14 से पहले मतदाता बीएलओ को जमा कराएं फॉर्म

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक कुल 1,99,18,634 (96.43%) मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से 1,22,08,806 (59.11%) गणना प्रपत्र बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कर सफलतापूर्वक अपलोड किए जा चुके हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र की दो प्रतियां उपलब्ध कराई गई हैं।

मतदाता एक प्रति में आवश्यक विवरण भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को वापस सौंपें तथा दूसरी प्रति पर बीएलओ के हस्ताक्षर प्राप्त कर उसे रसीद के रूप में अपने पास सुरक्षित रखें।

21 जुलाई को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे जिनके हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र बीएलओ को प्राप्त होंगे। जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र समय पर प्राप्त नहीं होंगे, उनके नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे।

## 198 खिलाड़ियों को 20.59 करोड़ का नकद इनाम देंगे सीएम

### पंचकूला में आज सम्मानित होंगे पदक विजेता खिलाड़ी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार राज्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 7 जुलाई को पंचकूला में आयोजित समारोह में 198 खिलाड़ियों को 20.59 करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को बताया कि लोक निर्माण विश्राम गृह, पंचकूला के ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान विभिन्न विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं, पैरा एशियन खेल-2022 तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 117 खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के लिए 13.75 करोड़ रुपये, पैरा एशियन खेल-2022 के तीन खिलाड़ियों को 2.32 करोड़ रुपये तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के 78 खिलाड़ियों को 4.52 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि उनके बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा खेल हब के रूप में लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

### खेल नीति देश में सबसे अव्वल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेलों के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। राज्य की खेल नीति आज पूरे देश के लिए एक आदर्श बन चुकी है। खिलाड़ियों को सम्मान, बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाएं तथा पारदर्शी प्रोत्साहन देने की दिशा में सरकार ने अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री मंत्री रविवार देर सांय जींद के गोसांई खेड़ा गांव में आयोजित सीजन वन कोर्पोरेट लिग के समापन अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

**हरियाणा में कचरा प्रबंधन को नई रफ्तार, पांच साल के लिए होंगे स्वच्छता सेवाओं के टेंडर**

## स्वच्छता अभियान में बढ़ेगी जनभागीदारी कचरा बीनने वालों का होगा रजिस्ट्रेशन

### स्वच्छता मिशन में वार्ड समितियों और स्वयं सहायता समूहों की होगी अहम भूमिका

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार राज्य में स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाने की दिशा में बड़े कदम उठा रही है। स्वच्छता सेवाओं में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए 14,889 कचरा बीनने वालों की पहचान की गई है, जिनमें से 5,356 का पंजीकरण हो चुका है। इसके अलावा 217 स्वयं सहायता समूहों को अभियान से जोड़ा गया है और 1,515 वार्ड समितियों का गठन किया गया है, जो घर-घर गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा देंगी। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि राज्य में स्वच्छता सेवाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। पहले जहां एक वर्ष के लिए टेंडर दिए जाते थे, वहीं अब इन्हें पांच वर्ष की अवधि के लिए जारी किया जा रहा है। इससे कचरा प्रबंधन व्यवस्था में निरंतरता, जवाबदेही और कार्यकुशलता बढ़ेगी।

### नियम तोड़ने वालों से 7.63 करोड़ रुपये ग्रीन सेस वसूला



राज्य सरकार ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में दायर शपथपत्र में बताया है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई तेज करते हुए 7.63 करोड़ रुपये से अधिक का पर्यावरणीय मुआवजा (ग्रीन सेस) वसूला गया है। साथ ही 3,486 चालान किए गए हैं। यह शपथपत्र शहरी स्थानीय निकाय विभाग के संयुक्त निदेशक (प्रशासन) की ओर से दायर किया गया। यह मामला रेवाड़ी के पर्यावरण कार्यकर्ता प्रकाश यादव की जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसमें धारूहेड़ा और साहिबी नदी क्षेत्र में अवैध कचरा डंपिंग और प्रदूषण का मुद्दा उठाया गया था। बाद में यह मामला पूरे राज्य में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा तक पहुंच गया।

### 87 निकायों के लिए प्रोसेसिंग साइटें चिन्हित

नगर निकायों में कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिला स्तर पर सिंगल ई-टेंडर मॉडल लागू करने की तैयारी है। इसके तहत अलग-अलग नगर निकायों के बजाय जिला स्तर पर एकीकृत टेंडर जारी किए जाएंगे। सरकार ने 87 शहरी स्थानीय निकायों के लिए कचरा प्रसंस्करण (वेस्ट प्रोसेसिंग) स्थलों की पहचान भी कर ली है।

### 60 लीगेसी वेस्ट डंप साइटों का निस्तारण

सरकार ने बताया कि राज्य की 75 लीगेसी वेस्ट डंप साइटों में से 60 का बायो-माइनिंग के जरिए वैज्ञानिक निस्तारण किया जा चुका है। शेष 15 स्थलों को 31 मार्च 2027 तक वैज्ञानिक तरीके से बंद (कैपिंग) या साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण की भी सुरक्षा होगी।

### 105 कंपनियां ईपीआर फ्रेमवर्क में शामिल

शपथपत्र के अनुसार 105 कंपनियों को एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) व्यवस्था में शामिल किया गया है। इनमें 23 निर्माता, 61 आयातक और 21 ब्रांड मालिक शामिल हैं। अब प्लास्टिक और पैकेजिंग कचरे के संग्रहण और वैज्ञानिक निस्तारण की जिम्मेदारी इन कंपनियों की होगी।

## पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा स्वयंसेवकों के लिए पोर्टल लॉन्च होगा

**चंडीगढ़।** भाजपा जल्द एक नया पोर्टल लॉन्च करेगी और स्वयंसेवकों को पार्टी की गतिविधियों से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने 2027 के पंचायत चुनावों को लेकर भी कार्यकर्ताओं से अभी से बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से ऐसे लोग, जो समाज सेवा में समय देना चाहते हैं, पार्टी से जुड़ सकेंगे और धीरे-धीरे संगठन की गतिविधियों का हिस्सा बनेंगे। भाजपा नेताओं का कहना है कि सामाजिक सेवा से जुड़े लोगों को एक मंच मिलेगाः ऐसे लोग जो समाज सेवा में योगदान देना चाहते हैं, लेकिन किसी संगठन से नहीं जुड़े हैं, वे पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। पार्टी का लक्ष्य सेवा कार्यों के जरिए नए लोगों को जोड़ना है। सक्रिय स्वयंसेवकों को धीरे-धीरे भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रमों और अभियानों का हिस्सा बनाया जाएगा।

### गांवों तक संगठन को मजबूत करेंगे : गुप्ता

डा. गुप्ता ने 2027 के पंचायत चुनावों की तैयारियां भी शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी का लक्ष्य सांसद से लेकर पंच तक हर स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा करना है, इसलिए बूथ स्तर पर अभी से काम शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा की चुनावी सफलता की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। सांसद, विधायक और सरकारें जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत बनती हैं।

## गर्भवती महिलाओं की समय पर होगी जांच : राव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य में प्रत्येक गर्भवती महिला को समय पर गुणवत्तापूर्ण और व्यापक मातृ स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक आउटरीच को तेज किया जाए ताकि कोई भी गर्भवती महिला आवश्यक प्रसव पूर्व देखभाल या संस्थागत प्रसव सेवाओं से महरूम न रह जाए। आरती सिंह राव ने बताया कि मातृ स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने और राज्य में मातृ मृत्यु दर को और कम करने की एक बड़ी पहल के तहत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा ने प्रदेश के सभी जिलों में कल 7 जुलाई से 22 जुलाई तक 'शून्य निवारणीय मातृ मृत्यु पखवाड़ा' मनाने का निर्णय लिया है। पखवाड़े भर चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक गर्भवती महिला को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और व्यापक मातृ स्वास्थ्य सेवाएं मिलें ताकि कोई भी ऐसी मातृ मृत्यु न हो जिसे रोका जा सकता था। यह पहल माताओं के जीवन को सुरक्षित रखने और मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## हत्या के मामले में दो महिलाओं सहित पांच को उम्रकैद की सजा

जींद। अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायाधीश सौरभ गुप्ता की अदालत ने हत्या के मामले में दो महिलाओं सहित पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषियों को 28-28 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव शाहपुर निवासी कप्तान ने 15 जून 2019 को सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी गांव के ही रामेश्वर परिवार से रंजिश चली आ रही है। 15 जून को रामेश्वर परिवार के लोग उनके घर में घुस आए और हमला कर दिया। चाचा विरेंद्र बचाने आए तो हमलावरों ने उन्हें मार डाला। सदर थाना पुलिस ने कप्तान की शिकायत पर रामेश्वर की पत्नी राजबाला, बेटे दिनेश, मुकेश, राममेहर की पत्नी कैलाशो, उसके बेटे प्रदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

# फिजिकल टेस्ट में युवक की मौत पर कैंडल मार्च निकाल मांगा न्याय



अटेली। झंडा चौक पर कैंडल मार्च के दौरान बैठे हुए अटेली क्षेत्र के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



पुलिस भर्ती स्थल पर आवश्यक एमरजेंसी सेवाएं मजबूत करने की मांग, परिवार के लिए मुआवजा व नौकरी मांगी

हरियाणा पुलिस भर्ती के फिजिकल टेस्ट के दौरान 1 जुलाई को पंचकूला में दौड़ते समय 27 वर्षीय युवा कपिल की हृदय गति रुकने से हुई असामयिक मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना से आक्रोशित होकर सैदपुर के ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रवासियों ने न्याय की मांग को लेकर एक विशाल कैंडल मार्च निकाला। रविवार शाम होते ही गांव सैदपुर से शुरू हुआ यह मार्च देखते ही देखते एक विशाल जनसैलाब में तब्दील हो गया। हाथों में मोमबत्तियां थामे लोग कपिल को न्याय मिले, के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। यह आक्रोश और संवेदना का ही परिणाम था कि लोग भारी संख्या में सड़कों पर उतर आए। मार्च जैसे ही पुरानी मंडी झंडा चौक पर पहुंचा तो वहां मौजूद भीड़ ने एक विशाल जुलूस का रूप ले लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस कैंडल मार्च में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मार्च में कांग्रेस पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और भारी संख्या में सरपंच-पंच शामिल हुए। सैदपुर गांव के सरपंच विकास यादव की अगुवाई में निकले इस मार्च के दौरान झंडा चौक पर पहुंचकर कपिल की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

सरपंच विकास यादव ने सरकार से स्पष्ट मांग करते हुए कहा कि कपिल के परिवार को तत्काल प्रभाव से उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए और उसकी पत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए, ताकि वह अपने बच्चों का भरण-पोषण कर सके। साथ ही, ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच की पुरजोर मांग उठाई है। पूरे मार्च के दौरान लोग पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से अपनी पीड़ा व्यक्त करते रहे। भर्ती प्रक्रिया में स्वास्थ्य सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भर्ती केंद्रों पर मेडिकल स्क्रीनिंग, एंबुलेंस और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके। कपिल की मृत्यु के कारणों की जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के संकल्प के साथ यह मार्च संपन्न हुआ। फिलहाल पूरा क्षेत्र शोकाकुल है और सरकार की अगली कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

## 20 लाख रुपये दहेज के लिए पत्नी को पीटकर घर से निकाला

# बहन को बचाने आए भाई की जीजा ने चाकू मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के कुचपुरा गांव में रविवार रात एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। यहां अपनी शादीशुदा बहन को ससुराल वालों की मारपीट से बचाने आए 28 वर्षीय भाई जसविंद्र की उसके ही जीजा और ससुराल पक्ष के लोगों ने बीच रास्ते में गाड़ी रोककर चाकू मारकर हत्या कर दी। लहूलुहान हालत में युवक को निसिंग अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



करनाल। भाई की मौत पर विलाप करती बहन व अन्य महिलाएं।

मृतक के छोटे भाई अमृत के अनुसार, उनकी बहन मंजू (30) की शादी करीब एक साल पहले कुचपुरा निवासी मनीष के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले 20 लाख की दहेज मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। रविवार रात मंजू के साथ गंभीर मारपीट की गई, उसके गहने छीन लिए गए और उसे कमरे में बंद कर गर्दन पर चाकू रखकर रुपयों की मांग की गई। बाद में उसे घर से बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद उसने पड़ोसी के फोन से भाइयों को कॉल कर रोते हुए कहा, मुझे यहां से ले जाओ, ये मुझे मार डालेंगे।

बहन की गुहार सुनकर जसविंद्र अपने भाई व एक अन्य के साथ गाड़ी लेकर कुचपुरा गांव के लिए रवाना हुआ। आरोप है कि जैसे ही वे गांव पहुंचे तो जीजा मनीष, उसके भाई, पिता, मां और बहन ने उनकी गाड़ी को बीच रास्ते में ही घेर लिया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, मनीष और उसके छोटे भाई ने गाड़ी में बैठे जसविंद्र पर चाकू से गले और शरीर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही निसिंग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले के जांच अधिकारी अजय ने बताया कि यह पूरा मामला दहेज प्रताड़ना और हत्या से जुड़ा हुआ है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**एक्सईएन को जबरन 'रिश्वत' देने का आरोप, बचकर भागते दिखे अफसर**

# 8 साल में भी बिजली कनेक्शन नहीं मिला तो रिश्वत के 2 लाख रुपये लेकर पहुंचे किसान, किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले के टोहाना स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के एक्सईएन कार्यालय में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब कृषि (एपी) बिजली कनेक्शन को लेकर पहुंचे कुछ लोगों और एक्सईएन कृष्ण कुमार के बीच तीखी बहस हो गई। आरोप है कि बिजली कनेक्शन के लिए दो लाख रुपये की मांग की गई थी। वहीं, कर्मचारियों का पक्ष है कि दो लोगों ने एक्सईएन के हाथ में जबरन रुपये पकड़ाने की कोशिश की और विरोध करने पर उनके साथ हाथापाई भी की।

### किसान का आरोप- एस्टीमेट जमा करने पर भी नहीं दिया कनेक्शन

गांव गाजूवाला निवासी देवेंद्र ने आरोप लगाया कि उनका कृषि बिजली कनेक्शन वर्ष 2018 से लंबित है। पहले विभाग ने तीन लाख रुपये का एस्टीमेट बनाया, जिसे भरने के लिए वह तैयार थे। बाद में बिना कारण इसे बढ़ाकर करीब सवा चार लाख रुपये कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि पूरा एस्टीमेट जमा कराने के बावजूद आज तक कनेक्शन जारी नहीं किया गया। देवेंद्र का कहना है कि कनेक्शन नहीं मिलने से उन्हें करीब 20 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक्सईएन ने कनेक्शन जारी करने के नाम पर दो लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत बिजली मंत्री अनिल विज और डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक को ई-मेल के माध्यम से भेजी है। उन्होंने एक्सईएन के कार्यकाल में स्वीकृत सभी एपी कनेक्शनों की जांच कराने और उन्हें निलंबित करने की मांग की है।



### एक्सईएन का पक्ष : जबरन मेरे हाथ में पैसे पकड़ाने की कोशिश की

एक्सईएन कृष्ण कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि संबंधित आवेदक का एपी कनेक्शन पहले ही निरस्त हो चुका था। अधीक्षण अभियंता के स्तर से उसे दोबारा बहाल किया गया, जिसके बाद नया एस्टीमेट जारी कर कार्य शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान सरकारी खाल (जलमार्ग) में भूमि होने की शिकायत मिलने पर नियमानुसार पैमाइश कराई गई थी। सोमवार को चार-पांच लोग कार्यालय पहुंचे और जबरन उनके हाथ में पैसे पकड़ाने की कोशिश की। विरोध करने पर उनके साथ हाथापाई की गई। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी है। अब पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार्यालय के भीतर हंगामा और कर्मचारियों द्वारा बीच-बचाव करते हुए देखा जा सकता है। मामले में पुलिस और बिजली निगम अपने-अपने स्तर पर जांच कर रहे हैं।

## सहायक चकबंदी अधिकारी को दो लाख रिश्वत लेते पकड़ा



झज्जर। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रोहतक द्वारा सहायक चकबंदी अधिकारी को दो लाख रुपये की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान हिसार जिले के काजला गांव निवासी बलवान सिंह पुत्र धर्मपाल के तौर पर हुई है। बलवान सिंह रेवाड़ी जिले के चकबंदी कार्यालय में सहायक चकबंदी अधिकारी के रूप में कार्यरत था। वजीरपुर निवासी शिकायतकर्ता नवीन की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। नवीन ने बताया कि जमीन के इंतकाल नंबर 4482, 25 जून 2007 का अवलोकन दोबारा करने को शिकायत 25 जुलाई 2025 को चकबंदी अधिकारी बेरी कार्यालय में दी थी। बलवान ने उसे एक जुलाई को गुरुग्राम सचिवालय बुलाया जहां पर ढाई लाख रुपये की मांग की। उसने पचास हजार रुपये मौके पर दे दिए। अब आरोपी को शहर के गुरुग्राम बाईपास पर दो लाख रुपये की रिश्वत के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

## नहर से मिले जेठ व छोटे भाई की पत्नी के शव, आपस में हाथ बंधे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पालवां से संदिग्ध हालात में गायब हुए जेठ तथा उसके छोटे भाई की पत्नी के शव गांव बडौदा के निकट बरसोला माइनर से बरामद हुए है। दोनों का हाथ एक दूसरे से बंधा हुआ था। शवों के पानी में ज्यादा समय तक रहने के कारण उनकी दशा बिगड़ गई। जिस पर शवों को पोसटमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को खुलासा सकेगा। गांव पालवां निवासी राहुल (32) तथा उसके छोटे भाई की पत्नी सलिता (28) गत 26 जून को घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गए थे। 28 जून को सलिता ने अपने पति के पास फोन कर कहा कि वह राहुल के साथ चंडीगढ़ में है। पहले दोनों ने घर लौटने से मना किया। फिर तीन जुलाई को सलिता ने घर लौटने की बात कही। देर शाम को राहुल की कार नरवाना के निकट सिरसा ब्रांच नहर पटरी पर मिली, जिसका पिछला शीश टूटा हुआ था। दोनों की चप्पलें भी वहीं रखी थी। पुलिस गोताखोरों की सहायता से सिरसा ब्रांच नहर को खंगाल रही थी। सोमवार को राहुल तथा सलिता के शव गांव बड़ौदा निकट बरसोला माइनर में मिले। दोनो का एक-एक हाथ एक दूसरे से बंधा हुआ था। हालांकि प्रथम दृष्टि में मामला जेठ व बहू के बीच रिश्तों का दिख रहा है। वहीं, उचाना थाना प्रभारी चंद्रपाल ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चल पाएगा कि यह आत्महत्या है या घटना के पीछे कोई और कारण है।

# एसपी का दावा-थाने में बैंककर्मी से कुकर्म के आरोप झूठे निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पुलिसकर्मियों ने नहीं किया कुकर्म, युवक ने नशे में बहस की तो थाने में हुई थी मारपीट, जिस पर पुलिस कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई, शिकायतकर्ता युवक कैंसर का मरीज भी नहीं

लाडवा थाने में बहुचर्चित कुकर्म केस में पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन ने मीडिया के सामने दावा किया कि बैंककर्मी द्वारा पुलिस कर्मियों पर लगाए गए कुकर्म के आरोप गलत हैं। एसपी के मुताबिक शिकायतकर्ता बोन कैंसर का भी मरीज नहीं है। उन्होंने कहा कि डीएनए टेस्ट के अलावा स्वैप व कपड़ों का टेस्ट कराया गया, उनमें कहीं भी कुकर्म की पुष्टि नहीं हुई। इसके अलावा पुलिस कर्मियों का लाई डिटेक्टर टेस्ट भी कराया गया, जिसमें उनका पक्ष सही मिला। जबकि शिकायतकर्ता ने लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने से मना कर दिया। पूरे मामले की जांच एसआईटी ने 15 दिन में तथ्यों के आधार पर की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 17/18 जून की रात को एक युवक द्वारा शराब के नशे में पुलिस नाका पर पुलिस कर्मचारियों के साथ बहसबाजी की गई थी। जिस कारण युवक को 172 बीएनएसएस के तहत काबू किया गया। युवक थाने के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरा की कवरेज में रहा। लॉकअप के अंदर भी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। केवल 10 मिनट के लिए लॉकअप से बाहर निकाला गया था जिस दौरान उसके साथ मारपीट की गई। जांच में आया है कि युवक शराब के नशे में बहस कर था, जिससे उत्तेजित होकर पुलिस कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कि मारपीट करने के लिए पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जांच में यह भी बात सामने आई है कि किसी व्यक्ति ने युवक को उकसाया है। पुख्ता होने पर उस पर भी कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि युवक कैंसर का मरीज नहीं है। इस संबंध में पीजीआई से भी वेरीफाई किया है और ना ही उसकी कोई कीमोथेरेपी हुई है। उससे पहले युवक ने बोर्ड से मेडिकल करवाने से भी मना किया था। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, डॉक्टरों ने बताया कि युवक को क्रॉनिक एनल फिशर है जिसके कारण उसे ब्लीडिंग हुई है।

**पिंजौर में सरेआम की थी व्यापारी की हत्या**

# हत्यारोपियों का मुंडन करवा घुमाने पर कोर्ट ने मांगा जवाब

- कोर्ट ने कहा–कानून से अलग दंड देना गलत, निष्पक्ष जांच होनी आवश्यक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

पिंजौर के चर्चित व्यापारी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पुलिस हिरासत में प्रताड़ना, जबरन सिर मुंडवाने, नंगे पैर सार्वजनिक सड़कों पर चलाने और मीडिया के सामने अपमानित करने के आरोपों को लेकर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। एसडीजेएम कालका अभिमन्यु राजपूत ने पंचकूला पुलिस कमिश्नर को पूरे मामले की विभागीय जांच कराने और रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि किसी भी आरोपी को कानून से अलग दंड देना, हिरासत में हिंसा करना, सार्वजनिक रूप से अपमानित करना या मीडिया ट्रायल का हिस्सा बनाना न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं हो सकता। ऐसे कृत्य कानून के विरुद्ध हैं और उनकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है।

मामला 5 जून 2026 को पिंजौर के मुख्य बाजार में हुई जितेश मनोचा उर्फ किट्टू की हत्या से जुड़ा है। इस मामले में छह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी रोहित मेहता ने कोर्ट में आवेदन देकर आरोप लगाया कि पुलिस हिरासत में उनके साथ मारपीट की गई, सिर मुंडवाए गए, नंगे पैर सड़क पर चलाया गया और उनकी तस्वीरें व वीडियो सार्वजनिक किए गए। उन्होंने मेडिकल बोर्ड से जांच, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

# पुलिसकर्मी को दांतों से काटकर भाग रहे बदमाश का एनकाउंटर

- टांग में गोली मारकर पकड़ा, घर से 2 अवैध पिस्टल बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे-44 पर पुलिस हिरासत से भाग रहे कुख्यात बदमाश को पुलिस ने एनकाउंटर में दबोच लिया। बदमाश ने बाथरूम जाने का बहाना बनाकर पुलिस की गाड़ी को रुकवाया था। उसे नीचे उतारकर लेकर गए तो उसने एक पुलिसकर्मी की बाजू पर दांत से काट लिया। इसी दौरान बदमाश हाथ छुड़ाकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने लगा। बदमाश नहीं रुका तो पुलिस ने उसकी टांग में गोली मारकर उसे काबू कर लिया। घायल बदमाश को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आरोपी की पहचान सोढ़ी गांव निवासी विशाल उर्फ विक्की के रूप में हुई है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर मामलों में 30 से ज्यादा केस दर्ज हैं। पुलिस आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से हथियार रिकवरी कर लौट रही थी। सीआईए 2 के इंचार्ज मनदीप सिंह ने बताया कि विशाल उर्फ विक्की सोढ़ी को गांधी नगर गोलीकांड की जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया कि 14 जून को सुबह करीब साढ़े तीन बजे गांधी नगर में हुए गोलीकांड में आरोपी राहुल बारना और उसके साथियों को हथियार उपलब्ध कराने का काम विशाल ने किया था। पूछताछ के दौरान विशाल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने घर में भी हथियार छिपाकर रखे हैं। इसके बाद पुलिस टीम उसे हथियार बरामद कराने के लिए उसके गांव में घर लेकर गई। आरोपी ने अपने घर से 2 अवैध पिस्टल, 4 मैगजीन और 20 जिंदा कारतूस बरामद कराए।




भारत में 8.5 लाख सहकारी संस्थाओं के 30 करोड़ से अधिक सदस्य

## सहकारी मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस पर बोले शाह

# ‘भारत टैक्सी’ की तर्ज पर नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी बनेगी: अमित शाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भारत के सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए पेशेवरों की नियुक्तियों में भ्रष्टाचार समाप्त करने पर जोर दिया। भारत में लगभग 8.5 लाख सहकारी संस्थाएं हैं, जिनके 30 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घोषणा की कि सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ाने के लिए एक सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि ‘भारत टैक्सी’ की सेवाओं का विस्तार अगले दो साल में 500 शहरों तक किया जाएगा

### भारत टैक्सी का विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा

मंत्री ने मंत्रालय की ओर से उठाए गए कदमों का उल्लेख किया, जिनमें सहकारी तंत्र में पारदर्शिता और पेशेवर व्यवस्था लाने के प्रयास शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारी मॉडल के तहत शुरू की गई कैब सेवा से जुड़े मंच ‘भारत टैक्सी’ का प्रदर्शन अच्छा रहा है और अगले दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा।

### इफको-टोकियो पहले से बीमा कारोबार में

सहकारिता मंत्री ने कहा, भारत टैक्सी’ की तर्ज पर हम सहकारी क्षेत्र में एक जीवन बीमा कंपनी स्थापित करेंगे। इससे बीमा क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं के विकास में मदद मिलेगी।’ उन्होंने कहा कि उर्वरक क्षेत्र की सहकारी संस्था इफको का संयुक्त उद्यम इफको-टोकियो पहले से ही बीमा कारोबार में है। भारत में वर्तमान में 26 जीवन बीमा कंपनियां हैं।

### 54,000 से अधिक पैक्स कार्य कर रहे

मंत्री ने कहा कि सहकारी संस्थाओं ने डेयरी, चीनी, उर्वरक और बैंकिंग जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ते हुए कई नए क्षेत्रों में भी प्रवेश किया है। कुल 394 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) ने खुदरा ईंधन बिक्री केंद्र के लिए आवेदन किया है, जिनमें से तीन चालू हो चुके हैं। 54,000 से अधिक पैक्स साझा सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में कार्य कर रहे हैं।



- सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ेगा
- सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलेगी

### भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक

‘भारत टैक्सी’ सहकारिता मॉडल पर आधारित चालक-केंद्रित परिवहन मंच सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड की एक पहल है। वर्तमान में भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक और 35.77 लाख पंजीकृत ग्राहक जुड़े हुए हैं।

### बीज उत्पादन के लिए राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन

अगले कुछ महीनों में इसे रांची, पटना, गुवाहाटी, भोपाल, कोलकाता, इंदौर और नागपुर में भी शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि विशेष रूप से बीज उत्पादन के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अगले तीन वर्षों में देश की सबसे बड़ी गैर-सरकारी बीज उत्पादन संस्था बनकर उभरेगी।

### सहकारी क्षेत्र का डेटाबेस तैयार

*शाह ने कहा कि मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र का एक ‘डेटाबेस’ तैयार किया है, जिससे देश में सहकारी संस्थाओं के विस्तार में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि गुजरात के आणंद में क्षमता निर्माण के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है, जो मानव संसाधन की समस्या से निपटेगा। मंत्री ने विश्वास जताया कि सहकारी क्षेत्र वर्ष 2047 तक ‘विकसित भारत’ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।*

### केंद्र का राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं

*केंद्रीय मंत्रालय पर राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप करने की आशंका जताए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस शासित राज्यों ने भी यह शिकायत नहीं की कि केंद्रीय मंत्रालय ने उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप किया है। शाह ने कहा, ‘‘ केंद्रीय मंत्रालय का उद्देश्य राज्यों के विषयों में हस्तक्षेप करना नहीं है। इसका उद्देश्य नीतियां बनाना है।’’*

# शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी सेंसेक्स दो माह के शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



दिग्गज बैंक शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार दो माह के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया। लगातार चौथे सत्र की बढ़त के दौरान सेंसेक्स में 521 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 160 अंक चढ़ गया।

विदेशी निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 521.16 अंक की बढ़त के साथ 78,285.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 634.15 अंक चढ़कर 78,398.06 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 159.50 अंक बढ़कर 24,430.35 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल 1,806.4 अंक यानी 2.36 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 564.6 अंक यानी 2.36 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है।

# चांदी 5000 रुपये लुढ़की सोना भी मामूली टूटा

- सोना टूटकर 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया
- चांदी की चार दिन की तेजी थमी, 2,40,000 रुपये प्रति किलो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 150 रुपये टूटकर 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। वहीं चांदी 5,000 रुपये के नुकसान में रही। वैश्विक स्तर पर सुस्ती के रुख और मजबूत डॉलर के कारण कारोबारियों ने कीमती धातुओं में अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे सर्राफा कीमतों में गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की चार दिन की तेजी थम गई और यह शुक्रवार के 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 5,000 रुपये टूटकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।बाजार एक दायरे में रहा क्योंकि निवेशकों ने मजबूत डॉलर और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति से जुड़ी उम्मीदों के बीच पश्चिम एशिया में बने भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच संतुलन बनाया।

## खबर संक्षेप

### रुपया 20 पैसे टूटकर 95.38 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को 20 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.38 पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.25 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 95.22 से 95.48 के दायरे में रहा।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मार्केट न्यूज

## फिल्म 'नागबंधम – द सीक्रेट ट्रेज़र' खोल रही है प्राचीन रहस्यों के द्वार, डा. ऑर्थो दे रहा दर्द से राहत का भरोसा

### फिल्म 'नागबंधम' व आयुर्वेदिक 'डा. ऑर्थो' की विशेष बांड साझेदार




**चंडीगढ़।** अभिषेक नामा और श्रवण कुमार तडका के निर्देशन में बनी फिल्म 'नागबंधम - द सीक्रेट ट्रेज़र' प्राचीन भगवान विष्णु मंदिरों से जुड़े अनसुलझे रहस्यों और 'नागबंधम' नामक प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा की रोचक यात्रा को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करती है। जिसमें विराट कर्णा, नभा नटेश और ईश्वर्या मेनन मुख्य भूमिकाओं में हैं। एक शूट के दौरान विराट और नभा कहते हैं कि जैसे खजाने का रक्षक उसकी रक्षा के लिए हर जंग लड़ता है, वैसे ही डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक ऑयल लड़ता है जोड़ों के हर दर्द से। क्योंकि सेहत से बड़ा कोई खज़ाना नहीं। वहीं, फिल्म की सफलता की कामना करते हुए एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने कहा कि भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहर को दुनिया के सामने लाने वाली फिल्में समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं। इस दौरान दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि डा. ऑर्थो तेल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा है। आज भारतवर्ष में लगभग हर घर में डा. ऑर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट अवश्य मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है। इतना ही नहीं, डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल के साथ-साथ, स्ट्रांग तेल, कैप्सूल, आइंटमेंट, बाम, स्प्रे, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैक स्पोर्ट, पोश्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर, प्रीमियम सर्वाइकल पिल्लो, मैटरस आदि भी बाजार में उपलब्ध है।

### लेजर पावर एंड इंफ्रा का आईपीओ नौ को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एकीकृत बिजली केबल एवं विद्युत पारेषण उत्पाद बनाने वाली लेजर पावर एंड इंफ्रा लिमिटेड (एलपीआईएल) ने अपने 742 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 203-214 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ नौ जुलाई को खुलेगा और 13 जुलाई को बंद होगा।

## प्लास्टो टैंक्स एंड पाइप्स प्रा. लि. ने लॉन्च किया एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक




**नागपुर।** आर. सी. प्लास्टो टैंक्स एंड पाइप्स प्रा. लि., जो भारत में उच्च गुणवत्ता वाले वॉटर टैंक्स, पाइप्स एवं प्लास्टिक उत्पादों का अग्रणी ब्रांड है, ने अपने ग्राहकों के लिए एक अत्याधुनिक और अभिनव उत्पाद प्लास्टो एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंकर लॉन्च किया है। यह टैंक आधुनिक तकनीक से लैस है, जो पानी की स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ टैंक की सफाई की परेशानी को भी काफी हद तक कम करता है। आज अधिकांश घरों में वॉटर टैंक की सफाई एक बड़ी चुनौती है। समय की कमी, ऊंचाई पर लगे टैंक तक पहुंचने में कठिनाई और नियमित सफाई न होने के कारण टैंक में मिट्टी, धूल, कचरा और अन्य अशुद्धियां जमा हो जाती हैं। इससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्लास्टो ने विकसित किया है एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक। इसमें मौजूद सेल्फ क्लीनिंग टेक्नोलॉजी पानी के पावरफूल फ्लो के माध्यम से टैंक के तल पर जमा गंदगी, कचरा और अन्य अशुद्धियों को बाहर निकालने में मदद करती है। इससे टैंक लंबे समय तक साफ रहता है और पानी अधिक स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहता है। यह टैंक मल्टी-लेयर टेक्नोलॉजी से निर्मित है, जो इसे अधिक मजबूत, टिकाऊ और लंबे समय तक उपयोग के योग्य बनाती है।

### सीएम ने भोपाल में औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सतगढ़ी इलाके में एक औद्योगिक पार्क का भूमि-पूजन किया और कहा कि इसे देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक रहे मुखर्जी की जयंती के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 173 एकड़ में बनने वाला इस औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्क भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से 15 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## परिवर्तनकारी सामाजिक कार्य एवं भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए अच्युत सामंत को एएपीआई सम्मान



**भुवनेश्वर।** प्रख्यात शिक्षाविद्, समाज सुधारक तथा केआईआईटी, केआईएमएस और केआईएसएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन्स ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) द्वारा ट्रांसफॉर्मेशनल सोशल वर्क एंड इंडो-यूएस पार्टनरशिप अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के टैम्पा शहर में आयोजित ऐपीकॉन 2026 के वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 2 से 5 जुलाई तक आयोजित ऐपीकॉन 2026 एवं एएपीआई के 44वें कांग्रेस के दौरान डॉ. सामंत को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्य, दूरदर्शी परोपकार, परिवर्तनकारी मानवीय पहलों, ग्लोबल हेल्थ समिट 2026 के दौरान एएपीआई को दिए गए उनके अनुकरणीय सहयोग तथा भारत-अमेरिका साझेदारी को सुदृढ़ बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान एएपीआई के अध्यक्ष डॉ. अमित चक्रवर्ती ने लगभग 3,000 चिकित्सकों की उपस्थिति में डॉ. सामंत को प्रदान किया। एसोसिएशन ने डॉ. सामंत के आजीवन सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण तथा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और मानवीय पहलों के माध्यम से वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए उनके अटूट प्रयासों की भी सराहना की। एएपीआई अमेरिका में भारतीय मूल के चिकित्सकों का सबसे पुराना और सबसे बड़ा संगठन है, जो 1.20 लाख से अधिक भारतीय मूल के डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करता है। इसके सदस्य पूरे अमेरिका में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और इस वर्ष के सम्मेलन में 3,000 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया। 4 जुलाई, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस के अवसर के साथ संयोग था, डॉ. सामंत को सम्मेलन के एक विशेष सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ताके रूप में आमंत्रित किया गया।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Aditya Saini
Civil Judge (Junior Division), Rewari
DEEPANDAR SINGH Vs. JAI BHAGWAN
CNR No. HRRE02-001914-2020
Next Date:- 11-08-2026
PUBLICATION ISSUED TO :
Ashok S/o Balbir, Suman Rani D/o Devender Singh, Yogender S/o Shiv Parsad, Ajit S/o Ram Singh, Girwardutt S/o Kishori Lal, Mukesh Kumar S/o Gagannath, Vijay Singh S/o Kalu Ram, Ashok Kumar S/o Sh. Bhoop, Amar Singh S/o Chajju Ram, Jai Kishan S/o Raghbir, Savitri W/o Rampal, Anjana W/o Yashpal, Pankaj S/o Parbhat Singh, Yogesh S/o Parbhat Singh, Rati Ram S/o Hansraj, Nand Kishore S/o Gyani Ram, Man Singh S/o Sheo Lal, Murti Devi W/o Sh. Surender, Shivbaksh S/o Mehar Chand, Chitarmal S/o Dilsukh, Krishan Kumar S/o Sedhu Ram, Sardar Singh S/o Chand Singh, Nahar Singh S/o Sardar Singh, Shanti Mother Of Puran Chand, Nirdesh Devi W/o Rajesh Kumar, Vikram Singh S/o Sh. Jhabar Singh, Dhanpati W/o Shri Ram, Alok Kumar S/o Surender, Anand Kumar S/o Surender, Ramesh S/o Gordhan, Parmatma S/o Shri Krishan, Devi Yadav S/o Sh. Vijay Singh, Sant Kumar S/o Braham Dutt, Anoop Kumar S/o Ramanand, Subhash Chand S/o Gulab Singh, Shankuntla W/o Satbir, Shri Ram S/o Badlu, Kavita W/o Ashok, Chander Bhan S/o Ram Singh, Saraswati W/o Raj Kumar, Sushila W/o Subhash, Neelam Jain W/o Pankaj Jain, Dhane Singh S/o Gajraj, Reshmi Devi W/o Amar Singh, Rohit S/o Sunil Dutt, Krishna Devi W/o Rajpal, Lalita W/o Rajender, Daya Ram S/o Badlu Ram, Paras Ram S/o Badlu Ram, Shri Ram S/o Badlu Ram, Poonam Yadav W/o Vikram Yadav, Madhu W/o Bhim Singh, Saroj Devi W/o Dharampal, Sharmila W/o Inder Pal, Krishan Kumar S/o Rohtash, Mahesh Kumar S/o Bhoj Raj, Saroj W/o Daya Ram, Savita W/o Subhash, Mukesh Rani W/o Mahesh Kumar, Prem Devi W/o Attar Singh, Anuj Yadav S/o Surender Singh, Somta W/o Rajesh, Sunita Devi W/o Krishan Kumar, Sushila Devi W/o Satya Narain, Reena Devi W/o Satish Kumar, Birender Singh S/o Balwant, Kusum Lata W/o Naresh Kumar, Shri Krishan S/o Banwari Lal, Dharam Chand S/o Suraj Bhan, Satpal S/o Sumer, Bimla Devi W/o Rajender, Leelawati W/o Kanwal Singh, Sunita Yadav W/o Narender, Indira Yadav W/o Ved Parkash, Sanjogita W/o Manoj Kumar, Sanjana W/o Naresh, Kailash Chand S/o Deen Dayal, Sunita W/o Ramphal, Suresh Kumar S/o Basant Lal, Ombir S/o Attar Singh, Surender Kumar S/o Balwant Singh, Amit Kumar S/o Sube Singh, Vidhya Devi W/o Shimbhu Dayal, Manju Devi W/o Naresh Kumar, Rahul S/o Ravidutt, Kapil So Surender, Krishan Kumar S/o Rattan Lal, Manoj Devi W/o Satbir Singh, Suraj Parkash S/o Omparkash, Swati Jain D/o Kailash Chand, Babu Lal S/o Sh. Bhola Ram, Mangal S/o Sh. Mool Chand
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 11-08-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 09-06-2026

**नीलामी विज्ञापन**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला भिवानी के भिन्न-भिन्न विभागों के कंडम सरकारी वाहनों/सामान की नीलामी हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 22.07.2026 को ई-नीलामी के माध्यम से की जानी है। ई-नीलामी से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्तें व धरोहर राशि आदि बारे https://eauction.gov.in से जानकारी प्राप्त करें। धरोहर राशि व अन्य जरुरी दस्तावेज दिनांक 17.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक जिला नाजर उपायुक्त कार्यालय, भिवानी में जमा करवाएं।
हस्ता/-
अतिरिक्त उपायुक्त, भिवानी।
पीआरडीएच-1029/11/774/2027/46871/88/6 दि. 06.07.26

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल**
रघुनाथपुरा खालड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की देखरेख में दिनांक 11 जुलाई को तीन दुकानों (खिलोने, कॉस्मेटिक्स, ग्रोसरी, फूटवेयर) की बोली लगाई जाएगी। दुकानों की बोली लगाकर खरीदने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 11 जुलाई को सुबह 9:30 एएम पर रघुनाथपुरा खालड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बोली में भाग लेने के लिए 1 लाख रुपये सिक्युरिटी राशि जमा करानी होगी। नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 9728774629
पीआरडीएच-1084/11/5006/2027/46895/88/6 दि. 06.07.26

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## वैश्विक बाजार में अतिरिक्त कच्चा तेल उपलब्ध होने की संभावना



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** तेल उत्पादक देशों के संगठन ‘ओपेक प्लस’ के कुछ सदस्य देशों ने अगस्त महीने में उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस कदम से वैश्विक बाजार में अतिरिक्त कच्चा तेल उपलब्ध होने की संभावना है। ‘ओपेक प्लस’ देशों का यह फैसला ऐसे समय में सामने आया है जब ईंधन की कीमतें हाल के महीनों में घटकर पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर पर आ गई हैं। ओपेक और उसके सहयोगी देशों के समूह ‘ओपेक प्लस’ ने रविवार को ऐलान किया कि सात देश अगस्त में कुल मिलाकर 1.88 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रतिदिन उत्पादन बढ़ाएंगे। सदस्य देश बाजार की स्थितियों की निगरानी एवं आकलन जारी रखेंगे। उन्होंने बाजार स्थिरता बनाए रखने के प्रयासों के तहत सतर्क रुख अपनाने के महत्व को दोहराया है। पिछले एक महीने में बाजार में सकारात्मक संकेतों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। यह गिरावट उस अंतरिम समझौते के बाद आई जिसमें अमेरिका और ईरान ने अपने संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाए। समझौते के तहत ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के निर्बाध आवागमन की अनुमति दी, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नाकेबंदी समाप्त करने पर सहमति जताई।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Ankit Rana
Civil Judge (Junior Division), Sonipat,
OMI
Vs.
RAMESH KUMAR
CNR No. HRSO02-000894-2023
Next Date:-24-07-2026
It is, therefore, prayed that a decree for recovery for an amount of Rs. 7,44,000/-(Seven Lakhs Forty Four Thousand Rupees) along with interest @12 percent p.a. (i.e.1 percent per month) from 07.11.2019
PUBLICATION ISSUED TO :-
Sunita W/o:-Ramesh Kumar
Manju D/o:- Ramesh Kumar
Both R/o Village Bahalgarh, Tehsil Rai Distt. Sonipat
In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 24-07-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- ANKIT RANA
Civil Judge (Junior Division), Sonipat
Dated, this day of 04-07-2026

## शब्द पहेली - 6279




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 6278 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |



### टीएमसी पर हक की जंग तेज

# चुनाव आयोग से बोला ममता गुट बागियों का दावा पूरी तरह फर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के मूल गुट ने सोमवार को चुनाव आयोग के सामने अपना जवाब सौंप दिया है। टीएमसी ने पार्टी पर अधिकार जताने वाले बागी गुट के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। पार्टी ने कहा कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की संगठनात्मक समितियां पार्टी के संविधान के तहत साल 2027 तक पूरी तरह वैध हैं। चुनाव आयोग को जवाब सौंपने के बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि पार्टी ने बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी के प्रतिवेदन के खिलाफ आयोग को एक विस्तृत जवाब सौंपा है। बागी गुट का मुख्य तर्क है कि एआईटीसी और नेशनल वर्किंग कमेटी का कार्यकाल साल 2025 में ही खत्म हो चुका है। कल्याण बनर्जी ने बागी गुट के इस दावे को खारिज किया है।

**कार्यकाल खत्म होने का आरोप गलत :** कल्याण बनर्जी ने कहा कि पार्टी के संविधान में समय-समय पर संशोधन किए गए हैं। साल 2000 में इस कार्यकाल को तीन साल से बढ़ाकर चार साल किया गया था। इसके बाद साल 2006 में इसे बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया था। इन सभी बदलावों की जानकारी चुनाव आयोग को दी गई थी। उन्होंने कहा, 'पार्टी के आखिरी संगठनात्मक चुनाव साल 2022 में हुए थे। इसलिए, नियम के मुताबिक एआईटीसी और नेशनल वर्किंग कमेटी का कार्यकाल पांच साल के लिए है।

#### क्या है पूरा मामला?

दरअसल चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी और ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट, दोनों से पार्टी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं और संगठनात्मक चुनावों को लेकर अपने-अपने दावे और जवाब पेश करने को कहा था। बागी गुट ने चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात कर खुद को 'असली' तृणमूल कांग्रेस बताया था जिसके बाद विवाद बढ़ गया था।


### टीएमसी नेता ने बागी गुट के 'विशेष सत्र' को बताया बड़ा धोखा

टीएमसी नेता ने आरोप लगाया कि बागी गुट ने बीती 22 जून को एक 'विशेष सत्र' बुलाकर पार्टी संगठन को फिर से गठित करने का दावा किया था, जो पूरी तरह एआईटीसी के संविधान का उल्लंघन है. उनके मुताबिक, पार्टी के संविधान में ब्लॉक स्तर से शुरू होकर जिला और राज्य समिति के गठन की प्रक्रिया तय है। बागी गुट ने इन सभी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर दिया और सांसदों या विधायकों को कोई नोटिस भी जारी नहीं किया।

## गुजरात, मप्र और बिहार की 3 विस सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आधिकारिक तौर पर अधिसूचना जारी की है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव आयोग ने दो जुलाई को तीनों विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। सोमवार को अधिसूचना जारी होने के बाद पार्टी प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। ईसीआई के अनुसार, बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मांजलपुर विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव होगा। 13 जुलाई नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख है और 14 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख 16 जुलाई तय की गई है। आयोग ने कहा कि आवश्यक होने पर 30 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

### बंगाल की तीन रास सीट के लिए उपचुनाव 24 को होगा



**कोलकाता(भाषा)।** तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों के इस्तीफे के बाद खाली हुई पश्चिम बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को उपचुनाव होगा। तीन राज्यसभा सदस्यों ने इस्तीफा दिया है, उनमें सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बड़ाइक शामिल हैं। इन्होंने विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद नेतृत्व पर सवाल उठाए थे। आयोग की इस घोषणा के बाद जहाँ तीनों सीटों पर भाजपा की जीत की प्रबल संभावना दिख रही है, वहीं बंटी हुई तृणमूल कांग्रेस की ताकत संसद में और कम हो सकती है।

## कर्नाटक में सबसे लंबी सज़ा काटने वाला कैदी 37 साल बाद हुआ रिहा



**शक ने दो पत्नियों और बच्ची की जान ले ली थी**

**हाई कोर्ट ने फांसी को उम्रकैद में बदला था**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत में सबसे लंबे समय तक जेल में रहने वाले कैदियों में से एक माने जाने वाले साइबन्ना एन. नाटीकर को अपनी दो पत्नियों और एक छोटी बेटी की हत्या के आरोप में 37 साल जेल में बिताने के बाद परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया है। 72 वर्षीय नटिकर उन 24 आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों में शामिल थे, जिन्हें कर्नाटक सरकार ने राज्य की पुनर्वास पहल के तहत अच्छे व्यवहार के आधार पर रिहा किया।

#### पैरोल पर हिंसा का इतिहास

कानूनी व्यवस्था के साथ नाटीकर का लंबा इतिहास जनवरी 1988 में शुरू हुआ, जब उसने कलबुर्गी में पहली पत्नी मलकाव्वा की हत्या कर दी थी, क्योंकि उसे शक था कि उसका किसी और के साथ अफेयर है। 1993 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। पैरोल पर बाहर रहने के दौरान, नाटीकर ने दूसरी शादी की और बेटी हुई। हालांकि, सितंबर 1994 में एक महीने की पैरोल के दौरान, उसने बेवफाई के शक में दूसरी पत्नी नागम्मा चाकू से हमला किया जिसमें 18 महीने की बेटी विजयलक्ष्मी भी चपेट में आ गई और मां के साथ मारी गई।

जेल अधिकारियों, जिनमें डीजीपी (जेल) आलोक कुमार भी शामिल थे, ने बताया कि नाटीकर ने राज्य की कई जेलों में लंबी कैद के दौरान अच्छा रिकॉर्ड बनाए रखा।

### कविता को बदलना होगा पार्टी नाम

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना राष्ट्र समिति और फिर उसके नए नाम वाले अवतार भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता रही के. कविता को उनकी नवगठित पार्टी तेलंगाना रक्षणा सेना का नाम बदलने का निर्देश दिया है। बता दें, कविता ने अपनी पार्टी का नाम तेलंगाना रक्षणा सेना यानी टीआरएस रखा था। जिसका संक्षिप्त नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति यानी टीआरएस से हू ब हू मिलता है। इस बाबत बीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव और के टी रामाराव ने विरोध किया था। चुनाव आयोग ने बीआरएस नेताओं की आपत्तियों के आधार पर के कविता को निर्देश जारी किए हैं। बताया जा रहा है कि निर्वाचन आयोग को इस नाम और संक्षिप्त रूप ('टीआरएस') को लेकर 1,100 से अधिक आपत्तियां प्राप्त हुई थीं।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारी तमिलनाडु के चर्चित करूर भगदड़ की याचिका



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के चर्चित करूर भगदड़ मामले में सीएम विजय थलापति की सरकार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विपक्षी दल डीएमके की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग स्वीकार कर ली है। अब इस मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी। डीएमके के आरएस भारती ने याचिका लगाई थी।


### टाटा कंसल्टेंसी: कोर्ट ने आरोपी निदा खान को जमानत दी



**नासिक।** नासिक की एक अदालत ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की कर्मचारी निदा खान को यहां स्थित कंपनी की शाखा में कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामलों में से एक में सोमवार को जमानत दे दी। उसे गिरफ्तारी के करीब दो महीने बाद यह राहत मिली है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केजी जोशी ने निदा खान को जमानत दी।

## चुनाव आयोग ने 4 राज्यों में 22 लाख से ज्यादा नाम हटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के तहत चार राज्यों की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी है। ये राज्य ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम और सिक्किम है। इन राज्यों में से एसआईआर प्रक्रिया के तहत 22 लाख से अधिक लोगों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने साफ किया है कि जिन लोगों के नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए हैं, उन्हें दोबारा अपना नाम जुड़वाने का मौका दिया जाएगा। मिजोरम में मतदाता सूची से 46,000 से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए, जो कि चारों राज्यों में से मिजोरम में सबसे कम 5.2% ही हटाए गए है। सिक्किम में पहले राज्य में 4.7 लाख मतदाता थे जो अब इस अभियान के चलाए जाने के बाद से सूची में 4.3 लाख मतदाता हैं।

### ओडिशा में 20 लाख से अधिक लोगों के नाम हटे

ओडिशा राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरएस गोपालन के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों के नाम हटा दिए गए, जिनमें 8.3 लाख लोगों की मृत्यु हो चुकी, 10 लाख लोग स्थानांतरित या फिर अनुपस्थित मिले और 1.5 लाख लोग कई जगह पर पंजीकृत मिले। मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि 7,394 मतदाताओं के नाम एक से ज्यादा जगहों पर पाए गए और 43,000 मतदाता मृत। 1,08,283 मतदाता ऐसे है जिनकी जानकारी ठोस तरीके से नहीं मिल पाई है।

## पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी में 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने किया आवेदन



**पतंजलि के 50 सन्यासी भी देंगे इंटरव्यू**

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि सिविल सर्विस अकादमी को लेकर देश भर में उत्साह है। अभी तक देश भर से 1000 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करा लिया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र बिहार, हरियाणा समेत देश के 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रतिदिन पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है। बीए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी आवेदन के पात्र होंगे। अकादमी में यूपीएससी के साथ-साथ पीसीएस परीक्षाओं की भी उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी। इस पंजीकरण की विशेषता यह है कि पहली बार पतंजलि योगपीठ के लगभग 50 सन्यासी भी इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे तथा 18 जुलाई को आयोजित इंटरव्यू में सम्मिलित होंगे। योग गुरू स्वामी रामदेव ने एक और बड़ी अहम घोषणा की है कि जिन्होंने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर यूपीएससी अथवा पीसीएस की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो, किन्तु कम-से-कम दो प्रयासों के बाद भी इंटरव्यू में सफलता प्राप्त न कर सके हों तथा पुनः तैयारी करना चाहते हैं, वे भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## एमएस धोनी ने युवा प्रतिभाओं को किया प्रेरित, लॉन्च किया एलन टैलेंटेक्स-2027



**एलन कोर्स फीस पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप**

**मुंबई।** महान क्रिकेट खिलाड़ी और यूथ आइकन महेन्द्र सिंह धोनी ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत की अग्रणी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में से एक एलन टैलेंटेक्स के 13वें संस्करण एलन टैलेंटेक्स-2027 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा और चीफ एकेडमिक ऑफिसर सी.आर.चोधरी उपस्थित रहे। साथ ही पिछले पाँच वर्षों के एलन टैलेंटैक्स के टॉप रैंकर्स ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और महेन्द्र सिंह धोनी से संवाद किया। स्टूडेंट्स ने सफलता, तैयारी और कॅरियर विकल्पों को लेकर उनसे सवाल पूछे, जिनका जवाब देते हुए धोनी ने अपने जीवन के अनुभवों और सफर से जुड़े महत्वपूर्ण विचार साझा किए और स्टूडेंट्स को प्रेरित किया। वेबसाइट लॉन्च होने के साथ ही एलन टैलेंटेक्स-2027 के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गए हैं।



# ताजमहल या तेजो महालय ? सरकार और एएसआई से मांगा गया जवाब





## सर्वे कराने की मांग की याचिका पर हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सोमवार को एक रिट याचिका पर केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जवाबी हलफनामा मांगा है। इस याचिका में आगरा के ताजमहल परिसर में मंदिर होने का दावा किया गया है। यह याचिका आगरा जिला कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की गई है। जिला कोर्ट ने दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) और अपर जिला न्यायाधीश ने विवादित परिसरों का सर्वेक्षण करने के लिए अधिवक्ता आयोग गठित करने का आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुए अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने दलील दी कि अधिवक्ता आयोग गठित करने और विवादित परिसरों की फोटोग्राफी के लिए उनका आवेदन गलत ढंग से खारिज किया गया।

### जवाबी हलफनामा दाखिलकरे सरकार

जैन की दलील सुनने के बाद जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने केंद्र सरकार और एएसआई को इस मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा और इस रिट याचिका में चौथे प्रतिवादी पंकज कुमार वर्मा को भी नोटिस जारी किया। अधिवक्ता सौम्या श्रीवास्तव के मुताबिक, साल 2015 में एक वाद दायर किया गया था जिसमें यह घोषणा करने का अनुरोध किया गया था कि ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर है। यह वाद आगरा के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत में लंबित है। सौम्या श्रीवास्तव के मुताबिक, इस वाद के लंबित रहने के दौरान एक अधिवक्ता आयोग गठित करने के लिए आवेदन किया गया लेकिन जिला न्यायालय की दोनों अदालतों ने इस पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

# 91 वर्ष के हुए दलाई लामा उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**धर्मशाला।** विश्व प्रसिद्ध बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा सोमवार को 91 वर्ष के हो गए हैं। इस विशेष अवसर पर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित उनके अस्थायी निवास स्थान के मुख्य तिब्बती मंदिर 'त्सुगलाखंग प्रांगण' में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) और स्थानीय तिब्बती समुदाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए सैकड़ों बौद्ध अनुयायियों, पर्यटकों और स्थानीय भारतीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दलाईलाम का जन्मः 6 जुलाई 1935 को पूर्वोत्तर तिब्बत के ताकत्सेर गांव में हुआ। वर्ष 1959 में तिब्बत पर चीनी आक्रमण के बाद वे भारत आए और तब से धर्मशाला को अपना निवास स्थान बनाकर विश्व को शांति का संदेश दे रहे हैं।

# कीव में 11 लोगों की मौत | रूस का रातभर ड्रोन मिसाइल से हमला

एजेंसी ▶▶| कीव

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर रविवार रातभर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस द्वारा दागी गई सभी बैलिस्टिक मिसाइलें अपने निर्धारित लक्ष्यों तक सटीक तरीके से पहुंचीं। इससे यह स्पष्ट हुआ कि यूक्रेन के पास 'पैट्रियट इंटरसेप्टर' मिसाइलों की कमी लगातार गंभीर होती जा रही है। यह हमला यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की द्वारा राजधानी कीव पर रूस के एक और बड़े हमले की आशंका जताए जाने के कुछ घंटों बाद हुआ। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में 60 अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी हमले में निशाना बनाई गई दो बहुमंजिला आवासीय इमारतों के मलबे में लोगों की तलाश में जुटे हैं। कीव शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमूर तकाचेंको ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में बताया कि पोदिल्स्की जिले में एक आवासीय इमारत का हिस्सा ढह गया। वहीं, दार्नित्सिया जिले में कई बहुमंजिला इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है।

### अब तक 16000 की मौत

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक यूक्रेन में 16,000 से अधिक नागरिकों की मौत हो चुकी है। इससे पहले, जेलेंस्की ने रविवार देर रात 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में पश्चिमी सहयोगी देशों से यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली को और मजबूत करने की अपील दोहराई। उन्होंने विशेष रूप से अधिक पैट्रियट मिसाइलें उपलब्ध कराने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि इन मिसाइलों की कमी पूरी नहीं की गई, तो इससे रूस का मनोबल बढ़ेगा।

# रांचीः प्रेमी ने प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या की

**रांची।** झारखंड में एक युवक ने 18-वर्षीय प्रेमिका की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी और उसके शव को यहां कांची नदी के किनारे दफना दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने लड़की को किसी अन्य व्यक्ति के साथ देखा था, जिससे उसे पीड़िता द्वारा धोखा दिये जाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि यद्यपि यह घटना 17 जून को हुई थी, लेकिन हिस्सी कुमारी का शव 23 जून को बरामद हुआ था।

# मणिपुर भड़की हिंसा कांगपोकपी में गोलीबारी, बच्ची सहित दो घायल

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हथियारबंद लोगों की फायरिंग में 8 साल की एक बच्ची और 56 साल की महिला घायल हो गईं। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार शाम थिंगखोंगजांग गांव में हुई। दोनों घायलों को पहले असम राइफल्स के कैंप में प्राथमिक इलाज दिया गया, फिर देर रात इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) अस्पताल रेफर किया गया। रिम्स अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जून में भी कांगपोकपी में गोलीबारी में घायल तीन कुकी युवकों को इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उन्हें हथियारबंद बताकर अस्पताल में घुसने की कोशिश की थी। कुकी समुदाय के शीर्ष संगठन कुकी इनपी मणिपुर ने घटना की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि फायरिंग के पीछे आईएम, कामसोन संगठन का हाथ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डीएसपी की विदाई में रो पड़े ग्रामीण

# बैलगाड़ी पर बैठाकर दी अनूठी विदाई, भावुक हुआ पूरा इलाका

पत्नी की भावुक पोस्ट के बाद हुआ था तबादला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालाघाट



नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट में हॉकफोर्स के सहायक सेनानी डीएसपी संतोष कुमार पटेल की विदाई का एक बेहद भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महज 17 महीने के कार्यकाल में डीएसपी पटेल ने स्थानीय आदिवासियों और ग्रामीणों के दिलों में ऐसी जगह बनाई कि उनके विदाई समारोह में 7 गांवों के लोग नम आंखों से पहुंच गए।

# चिनाब नदी में बाढ़ः भारत ने खोले गेट, पाक में टेंशन



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवार क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के बाद चिनाब नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। सुरक्षा को देखते हुए रामबन जिला प्रशासन ने सोमवार को बगलिहार डैम के तीन गेट खोलकर पानी छोड़ दिया। नदी का यह तेज बहाव अब पाकिस्तान की ओर बढ़ रहा है। जहां कुछ दिन पहले तक पाकिस्तान सूखे और पानी की कमी से जूझ रहा था, वहीं भारत द्वारा छोड़े गए इस भारी पानी के कारण अब वहां अचानक भयानक बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | वार्ड नं. 1, नगर परिषद टोहाना में म्हारी सड़क पोर्टल, सार्वजनिक शिकायतों, वार्ड पार्षद संदर्भों और अन्य ऑनलाइन शिकायत पोर्टल्स के तहत गलियों और पोटहोल्स की मरम्मत + 22 कार्य। | 04.07.2026 14.07.2026 | 2,91,58,109/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996678131 mctohana1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46905/I/88/6 दि. 06.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | किसी प्रतिष्ठित सुरक्षा प्रदाता एजेंसी द्वारा दुग्ध संयंत्र, रोहतक में दुग्ध और दुग्ध उत्पादों के प्रेषण समेत आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के प्रावधान हेतु निविदा। | 04.07.2026 20.07.2026 | 2,50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46861/I/88/6 दि. 06.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में 2026–27 हेतु विभिन्न स्थानों पर पेड़ों और झाड़ियों की आपूर्ति और पौधारोपण हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 10.07.2026 | 61,90,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46864/I/88/6 दि. 06.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एसबीएम 2.0 यू के तहत एमसी महम में लीगेसी वेस्ट डम्प का बायोरिमेडिएशन साइंटिफिक निपटान (निविदा आईडी 2026_HRY_532928_1) | 01.07.2026 21.07.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 secy-meham@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर पालिका महम | पुराना नगर पालिका कार्यालय महम में सिटी/डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण। | 04.07.2026 25.07.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46860/I/88/6 दि. 06.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा | बीपीएस एमवी खानपुर कलां में गेट नं. 6 से हॉस्टल नं. 13 टी-प्वाइंट इत्यादि तक आंतरिक बिटुमिन रोड्स की मरम्मत और मजबूतीकरण। | 03.07.2026 27.07.2026 | 60.66 लाख | http://bpsmv.ac.in | 9416486361 xen@bpswomenuniversity.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46858/I/88/6 दि. 06.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-17, वार्ड नं. 35 में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु आकलन। | 03.07.2026 17.07.2026 | 564.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | बूस्टिंग स्टेशन सेक्टर-10 और 11, वार्ड नं. 37, फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 03.07.2026 17.07.2026 | 584.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |
| 3 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-14, फरीदाबाद वार्ड नं. 35 में सामुदायिक हॉल का निर्माण। | 03.07.2026 17.07.2026 | 558.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf3@gmall.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/46857/I/88/6 दि. 06.07.26

**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित जॉब्स / सामग्री के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है – 1) सीआई कास्टिंग की खरीद, 2) एफडी फैन इम्पेलर की खरीद, 3) एमएस पाइप्स की खरीद, 4) सिविल कार्य का एआरसी, 5) सेमी-केस्टनर कैलैंड्रिया को एसएस ट्यूब से बदलना, 6) अनुबंध आधार पर मिल हाउस का प्रचालन और रखरखाव, 7) बेयरिंग का एआरसी, 8) वाल्व्स का एआरसी, 9) रिफ्रैक्टरी मटीरियल की खरीद, 10) फैब्रिकेशन जॉब्स, 11) पैकिंग और जॉइंटिंग, 12) विभिन्न प्रकार की चिपिंग, प्राइमर, पेंटिंग और व्हाइट वॉश कार्य, 13) शीरे की बिक्री। विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई-टेंडरिंग पोर्टल- http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई-टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 17.07.2026 को अप. 12:30 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए और ये 17.07.2026 को अप. 12:40 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 20.07.2026 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद / बिक्री और जॉब वर्क सरकारी नीति के अनुरूप किए जाएंगे। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त क्र. सं. 1 और 5 से ई-निविदाएं पूर्व में 12.05.2026 से 27.05.2026 के बीच प्रकाशित की गई थी, परन्तु इनको अन्तिम रूप नहीं दिया गया था क्योंकि इनके लिए पर्याप्त बोलियां प्राप्त नहीं हुई थी। इसलिए, अब तक प्राप्त ई-निविदाओं पर दोनों उपरोक्त मदों के लिए नई निविदाओं के साथ-साथ विचार किया जाएगा। बोलीदाता जो पहले ही आवेदन कर चुके हैं, को नये सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। यद्यपि, यदि मौजूदा बोलीदाता अपनी दरों में सुधार करना चाहते हैं ; वे दोबारा भी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए नेगोसिएशन 20.07.2026 को पूर्वा. 11.00 बजे आयोजित की जाएगी।

हस्ता/- प्रबंध निदेशक

संवाद–1039/11/131/2027/46887/सी/88/6 दि. 06.07.26

**UNIPRODUCTS (INDIA) LTD.**

पंजीकृत कार्यालयः जरथल गांव रोड, 84 कि.मी. स्टोन, दिल्ली–जयपुर रोड, डाकघर–संगवाड़ी, जिला–रेवाड़ी, हरियाणा–123401
वेबसाइटः www.unitexindia.com; ईमेलः compliance@unitexindia.com;
फोनः +91-120-2585590-91; CIN: U45201HR1982PLC014785

**यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड की असाधारण आम बैठक की सूचना, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो विजुअल तरीकों और ई–वोटिंग निर्देशों के माध्यम से आयोजित की जाएगी**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) मंगलवार, 28 जुलाई 2026 को सुबह 11.30 बजे (आईएसटी) में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों ("वीसी / ओएवीएम") से होगी, ताकि सूचना में बताए निर्धारित विशेष व्यवसाय को पूरा किया जा सके। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") ने अपने सामान्य परिपत्र संख्या 14 / 2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17 / 2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20 / 2020 दिनांक 5 मई, 2020, 22 / 2020 दिनांक 15 जून 2020, 33 / 2020 दिनांक 28 सितंबर 2020, 39 / 2020 दिनांक 31 दिसंबर 2020, 02 / 2021 दिनांक 13 जनवरी 2021, 10 / 2021 दिनांक 23 जून 2021, 19 / 2021 दिनांक 8 दिसंबर 2021, 21 / 2021 दिनांक 14 दिसंबर 2021, 2 / 2022 दिनांक 5 मई 2022,10 / 2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022, 9 / 2023 दिनांक 25 सितंबर 2023, 9 / 2024 दिनांक 19 सितंबर 2024 और 3 / 2025 दिनांक 22 सितंबर 2025 (जिन्हें एक साथ "सेबी परिपत्र" कहा जाता है) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") या अन्य ऑडियो–विजुअल तरीकों ("ओएवीएम") से सामान्य बैठक करने की इजाज़त दी है, जिसमें सदस्य किसी आम स्थल पर शारीरिक उपस्थिति के बिना मौजूद होंगे। इस ईजीएम के लिए तय स्थल कंपनी का पंजीकृत कार्यालय होगा।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101 और धारा 136 के प्रावधानों तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के अनुपालन में, ईजीएम की सूचना उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेज दी गई है जिनके ई–मेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। ईमेल के माध्यम से ईजीएम की सूचना भेजने का काम 6 जुलाई 2026 को पूरा हो गया है। ईजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.unitexindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com से उपलब्ध है और इसे डाउनलोड किया जा सकता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और संशोधित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के अनुपालन में, कंपनी अपने सभी पात्र सदस्यों को ईजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग सुविधा और ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली की सुविधा प्रदान कर रही है ताकि वे ईजीएम की सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग प्रणाली (सामूहिक रूप से "इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग" के रूप में संदर्भित) का उपयोग करके अपना वोट डाल सकें। कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु एजेंसी के रूप में नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएँ ली हैं। रिमोट ई–वोटिंग अवधि शनिवार, 25 जुलाई 2026 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होकर सोमवार, 27 जुलाई 2026 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद, एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर मतदान कर दिए जाने के बाद, सदस्य को बाद में उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।

वे सदस्य, जो वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होंगे और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने पर रोक नहीं है, ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे।

वे सदस्य जिन्होंने ईजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी / ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित / भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

कंपनी के सदस्य, जो कट–ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 21 जुलाई 2026 को भौतिक रूप में या अभौतिक रूप में शेयर रखते हैं, वे रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं और साथ ही ई–वोटिंग के माध्यम से ईजीएम में मतदान कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जो ईजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट–ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 21 जुलाई 2026 को शेयर धारण करता है, वह evoting@nsdl.co.in या आरटीए के ई–मेल info@masserv.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

श्री अभिषेक ठाकुर (सदस्यता संख्या एफ10660), मालिक, मैसर्स अभिषेक ठाकुर एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान प्रक्रिया की जांच करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ ई–वोटिंग के परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.unitexindia.com पर अपलोड किए जाएंगे।

रिमोट ई–वोटिंग और ईजीएम पर ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान की विस्तृत प्रक्रिया ईजीएम की सूचना में निहित है।

भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण जिनके ई–मेल पते कंपनी के पास पंजीकृत नहीं हैं, वे फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैन प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति) के साथ अपना पता कंपनी के ई–मेल preeti@unitexindia.com या आरटीए के ई–मेल investor@masserv.com पर भेजकर अपना ई–मेल पता पंजीकृत करा सकते हैं। डिमेट प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत कराएं।

किसी भी प्रश्न के मामले में, आप शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में देख सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 1020 990 या 1800 22 4430 पर कॉल करें या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें या आरटीए को investor@masserv.com या टेलीफोन नं. 011-26387281/82/83 से सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./-
प्रीति जोशी
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. एफ8676

स्थानः नोएडा
तिथिः 6 जुलाई 2026

**SBFC एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में एसबीएफसी फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड)

पंजीकृत कार्यालय :- यूनिट नं. 103, प्रथम तल, सी एंड बी स्क्वेयर, संगम कॉम्पलेक्स, गांव चकाला, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059

**डिमांड नोटिस**

चूंकि यहां नीचे वर्णित कर्जदार/सह-कर्जदार एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त कर चुके थे। हम यह बताते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, कर्जदारों/गिरवीकर्ताओं ने निर्धारित तिथियों के अनुसार ब्याज और मूल राशि के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, एसबीएफसी के बही-खातों में इस खाते को नीचे बताई गई संबंधित तिथियों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट के रूप में वर्गीकृत किया गया है, इसके परिणामस्वरूप, एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण ("सरफेसी एक्ट") के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित सम्बन्धित तिथियों को डिमांड नोटिस जारी किए। जिनमें निम्नलिखित कर्जदारों/गिरवीकृताओं से नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान की तिथि तक आकस्मिक व्यय, लागत, परिव्यय इत्यादि और नोटिसों में उल्लिखित राशि पर अनुबंधात्मक दर पर आगे के ब्याज सहित सूचनाओं में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया गया है। उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पतों पर जारी किए गए नोटिस बिना तामील हुए वापस लौटा दिये गए; अतः, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उन्हें इस बारे में एतद द्वारा सूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम / पता | डिमांड नोटिस की तिथि और एनपीए | ऋण संख्या और बकाया राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का सम्पत्ति पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. मनीष बी (आवेदक) 2. दयावंती (सह-आवेदक 1), 3. जगदीश जे (सह-आवेदक 2), पता : सुनारियां कलां (101) रोहतक, हरियाणा-124001 और पर भी : 1ए. मनीष बी (आवेदक) मिन जुमला किल्ला नं. 76/1, मौजा सुनारियां कलां, तहसील व जिला रोहतक, हरियाणा-124001 | डिमांड नोटिस तिथि : 23 जून 2026 एनपीए तिथि : 03 जून 2026 | ऋण अकाउंट नं. SBFCUC_1000412749 (PR01304577). ऋण राशि : रु. 2400000/- (रुपए चौबीस लाख केवल), सुविधा एग्रीमेंट नं. SBFCUC_1000412749 (PR01304577) के तहत। ऋण बकाया राशि रु. 2559165/- (रुपए पच्चीस लाख उनसठ हजार एक सौ पैंसठ केवल) 16 जून 2026 के अनुसार जमा 17 जून 2026 की तिथि से लागू न हुआ ब्याज। | वार्ड नं. 22, गांव व डा., मौजा सुनारी कलां, तहसील व जिला रोहतक, हरियाणा-124001 में मिन जुमला किल्ला नं. 76/1 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : पूर्व : प्लॉट मेवा, पश्चिम : प्लॉट हरिपाल, उत्तर : बदरो, दक्षिण : खुला रोड। |
| 2 | 1. कुलदीप सिंह पुत्र हवा सिंह (आवेदक) 2. मंजु बाला (सह-आवेदक 1), पता : निवासी गांव उचाना मण्डी, 596/1, राजेन्द्रा कॉलोनी, निकट आईस फैक्टरी, उप-तहसील उचाना, जिला जीन्द, हरियाणा-126115 | डिमांड नोटिस तिथि : 23 जून 2026 एनपीए तिथि : 03 जून 2026 | ऋण अकाउंट नं. SBFCUC_1000841156 (PR01806739). ऋण राशि : रु. 1975000/- (रुपए उन्नीस लाख पचहत्तर हजार केवल), सुविधा एग्रीमेंट नं. SBFCUC_1000841156 (PR01806739) के तहत। ऋण बकाया राशि रु. 2152793/- (रुपए इक्कीस लाख बावन हजार सात सौ तिरानवे केवल) 16 जून 2026 के अनुसार जमा 17 जून 2026 की तिथि से लागू न हुआ ब्याज। | गांव उचाना, उप-तहसील उचाना, जिला जीन्द, हरियाणा-126115 में स्थित 126115 में स्थित खेवट और खाता नं. 711 मिन / 1047, खसरा नं. 54/25 मिन, (1-18) वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : पूर्व : गली 16 फुट चौड़ी, पश्चिम : सुरेश कुमार का मकान, उत्तर : राजिन्दर का मकान, दक्षिण : ओमप्रकाश का मकान। |

उपरोक्त परिस्थितियों में, उपरोक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों को एतद द्वारा यह नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर भविष्य के ब्याज और लागू शुल्क सहित उपरोक्त अनुसार बकाया देय राशि का भुगतान करें। जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरूद्ध इस सूचना की तिथि से 60 दिन की समाप्ति के पश्चात आगे कदम उठाए जाएंगे, जिनमें कर्जदारों और गिरवीकर्ताओं की प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का सरफेसी एक्ट की धारा 13(4) और उनके तहत लागू नियमों के अन्तर्गत कब्जा लेना शामिल है। कृपया ध्यान दें कि सरफेसी एक्ट की धारा 13(13) के तहत, कर्जदार सिक्योर्ड क्रेडिटर की लिखित पूर्व अनुमति के बिना, सूचना में संदर्भित उसकी प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को बिक्री, लीज अथवा किसी अन्य तरीके से हस्तांतरण नहीं करेगा।

दिनांक : 07.07.2026, स्थान : रोहतक/जीन्द/हरियाणा — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**
**Employees Provident Fund Organisation,**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय Regional Office,
भविष्य निधि भवन, सैक्टर-3, इंस्टीट्यूशनल एरिया, रोहतक हरियाणा
Bhavishya Nidhi Bhawan, Sector -3, Institutional Area, Rohtak – 124001 (Haryana)
दूरभाष/ Phone 01262-244903, 01 फैक्स Fax : 01262-244902 ई.मेल E Mail: ro.rohtak@epfindia.gov.in

सत्यमेव जयते

**Ref No: HR/GN/RTK/22710/23734/294** — **Date: 06 /07/2026**

**PUBLIC NOTICE**

Inquiries are being conducted by the undersigned under section 7A of the Employees' Provident Fund & Miscellaneous Provisions Act, 1952 for determination of Provident Fund dues against the establishments for the periods shown against them in the table below:

| S.N. | Case Diary No. | Name of Establishment | Address | Period of Inquiry |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 512/2024 | Gargi Enterprises (GNRTK0022710000) | 955/18, Ghanipura, Rohtak-124001 | 10/2020 to12/2023 |
| 2. | 509/2024 | Shri Ambe Industrial Service (GNRTK0023734000) | 1313/34, Sheetal Nagar, Rohtak-124001 | 09/2021 to 04/2024 |

No one from the employer/employee side is attending the above inquiries. In absence of any evidence, statement or record the inquiries are to be decided based on available material/records. However, keeping in mind the principle of natural justice, through this notice, all the employers, employees, principal employers, contractors and other stakeholders anyhow related to the above case are informed that if they have any information/documents/record related to above determination case or anybody want to produce any important and relevant fact/aspect in the context of Provident Fund determination during the described period of the above establishment, which is not yet included in the related investigation, they can forward to this office within next fifteen days of this publication.

The documents/information may be submitted along with affidavit and self attested copy of necessary proof/evidence/documents/statements to this office, the inquiries will be closed accordingly.The applicant is required to provide a copy of his identity and complete address proof along with mobile number.

**Note:** Other information about both of the above investigations and next date of hearing etc. is available on the website: https://eproceedings.epfindia.gov.in

Sd/-(Deepak Tiwari)
Assistant PF Commissioner Rohtak

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में एमएनएसएस राई में आकार 101.40 एम × 60 एम के सिंथेटिक हॉकी टर्फ को पुनः बिछाना। | 01.07.2026 10.07.2026 | 405.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01302220179 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय कन्या महाविद्यालय, मंगाली, जिला हिसार का निर्माण (एयर कंडीशनर का प्रावधान केवल)। | 03.07.2026 10.07.2026 | 14.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, फतेहाबाद | एमडीपी डिस्टी की आंतरिक और बाहरी सफाई + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2026 | 4.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220105 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मेहरा में सामान्य चौपाल का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य। | 01.07.2026 08.07.2026 | 64.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव कोट फरीदाबाद जिला फरीदाबाद में टी वॉल्स और आईपीबी सहित गलियों की पेवमेंट, वीएएनजीवाई + 1 कार्य। | 03.07.2026 10.07.2026 | 33.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बरोता ब्लॉक गोहाना में सैनी चौपाल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 23.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | इशरगढ़ – गांव इशरगढ़, ब्लॉक पिपली, कुरुक्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र में मिट्टी भराई। | 03.07.2026 09.07.2026 | 20.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हांसी | मसूदपुर :- गांव मसूदपुर जिला हिसार की बकाया गलियों में वितरण पाइप लाइन बिछाना और जलापूर्ति योजना का पुनरोद्धार तथा अपग्रेडेशन। '1.50 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, 3 अदद आरसीसी स्वच्छ जल टैंक आकार 9.00×7.00 ×1.83 मी., बूस्टिंग स्टेशन को भरने के लिए पम्पिंग मशीनरी, जलघर से मौजूदा बूस्टिंग स्टेशन ए और 2 तक राइजिंग मेन का निर्माण, 3 अदद सेडिमेंटेशन टैंक की मरम्मत, चारदिवारी उपरोक्त डीपीसी की मरम्मत, पम्प चेम्बर की मरम्मत, घरेलू कनेक्शन की बहाली, आकार 9.00×7.00×2.44 मी. के स्वच्छ जल टैंक का निर्माण, आकार 3.66×3.05 मी. के पम्प चेम्बर का निर्माण, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, चारदिवारी उपरोक्त डीपीसी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य।' | 04.07.2026 14.07.2026 | 569.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | पांच वर्ष के लिए प्रचालन और रखरखाव सेवा समेत हरियाणा के एनसीआर जिले में स्थापन के लिए 21 अदद सीएएक्यूएमएस स्टेशनों की खरीद। | 07.07.2026 22.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 1550–आर, 1550–एल, 1700–एल और 17100 से रजखेड़ा खरीफ चैनल की ब्रांच के रेनकट्स, घरांज और पोटहोल्स को भरना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2026 | 3.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच–11/2027/200/46901/I/88/6 दि. 06.07.26

मध्यप्रदेश गुजरात से गिरफ्तार किए गए थे

# 5 आतंकियों को उनके गांव लेकर पहुंची गुजरात एटीएस

## टेररिस्ट नेटवर्क फैलाने का काम कर रहे थे

एजेंसी ▶▶| पालनपुर

गुजरात एटीएस ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आठ आतंकियों को गुजरात और मध्य प्रदेश से पकड़ा था। जांच में पता चला है कि ये सभी गुजरात के रहने वाले हैं। इनमें से 5 तो पालनपुर तालुका के भागल गांव के ही रहने वाले हैं। सोमवार को एटीएस इन पांचों को लेकर भागल गांव में इनके घर पहुंची। गिरफ्तार 8 में से 5 आतंकी इसी गांव के रहने वाले हैं। मुदाशिर गाजीवाला और अहमद गाजीवाला चचेरे भाई हैं। एटीएस सभी संबंधित लोगों को साथ लेकर जांच कर रही है और ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इस जांच में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।



### पाकिस्तान हैंडलर के संपर्क में थे: डीआईजी

डीआईजी ने बताया कि सभी सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के अब्दुल्ला साहब नाम के एक हैंडलर के संपर्क में थे। हैंडलर के इशारे पर ही गुजरात में मजबूत नेटवर्क खड़ा करने कोशिशों में लगे हुए थे। इन्हें एक शख्स के जरिए 3 लाख भी मिले थे। ये गुजरात में पाटण के एक मदरसे में रह रहे थे। मदरसे से साहित्य और कुछ पर्चे जब्त किए गए हैं।

### घर से साहित्य और अन्य सामान जब्त

पालनपुर तालुका के भागल गांव में जैश से जुड़े आतंकियों के घर पर तलाशी के दौरान, गुजरात एटीएस टीम ने आतंकवादी संगठन से संबंधित आपत्तिजनक साहित्य जब्त किया है। एटीएस ने आतंकवादियों में से एक के घर से सामग्री से भरे दो बड़े बैग भी जब्त किए हैं।

## दिल्ली में पकड़े गए 6 दहशतगर्द



*नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो अलग-अलग मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली और पंजाब के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार, पिस्तौल और खतरनाक पेट्रोल बम (मोलोटोव कॉकटेल) बरामद किए गए हैं। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा की।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी दो बेहद खतरनाक और अलग-अलग नेटवर्क के माध्यम से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। पहला मॉड्यूल का सीधा संबंध आतंकी गतिविधियों और देश विरोधी साजिशों से था, जो किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में था। जबकि दूसरा मॉड्यूल पूरी तरह से अवैध हथियारों की तस्करी (आर्म्स स्मगलिंग) में लिप्त था, जो अपराधियों और गैंगस्टरों को हथियारों की सप्लाई करता था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह पूरा नेटवर्क बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था। पुलिस को शक है कि इस नेटवर्क के तार देश के कई अन्य राज्यों से भी जुड़े हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है।*

पंजाब कांग्रेस में और बढ़ा बवाल,गुटबाजी बढ़ने के संकेत

# चन्नी गुट ने पंजाब प्रभारी की बैठक छोड़ी, दिल्ली रवाना

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



- चरणजीत चन्नी गुट काटेगा बैठकों से कन्नी
- कई पार्टी नेताओं ने बैठक की चर्चाएं तेज

पंजाब कांग्रेस में अब खुली बगावत शुरू हो गई है। पूर्व सीएम व जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी ने पंजाब कांग्रेस इंचार्ज भूपेश बघेल की मीटिंग का बायकॉट कर दिया है। चन्नी अपने समर्थक सांसदों, विधायकों व पूर्व विधायकों से मीटिंग के बाद दिल्ली रवाना हो गए हैं। जहां वे हाईकमान से मिलेंगे। चन्नी समर्थकों ने बघेल को रिसीव तक नहीं किया। चन्नी को नया प्रधान बनने के लिए अब तक एक सांसद सुखजिंदर रंधावा और 6 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके अलावा नए वर्किंग प्रधान संगत सिंह गिलजियां भी उनके गुट में शामिल हो गए हैं। मौजूदा प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग के पक्ष में सिर्फ एक सांसद डॉ. अमर सिंह आए हैं। कोई भी विधायक उनके समर्थन में नहीं बोला है। चन्नी ने प्रभारी के आने से पहले ही मोहाली में अपने समर्थक नेताओं से मीटिंग की। जिसमें प्रभारी के बायकॉट का फैसला लिया गया। चन्नी ने सोशल मीडिया पर भी लिखा कि यह मोरिंडा में हुई पहली मीटिंग की ही कड़ी है। कांग्रेस हाईकमान ने बगावत थामने के लिए बघेल को 5 दिन के लिए पंजाब भेजा है। वह चंडीगढ़ में दोनों गुटों से मीटिंग करने के लिए आए हैं।

### वड़िंग का गुटबाजी से इनकार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पंजाब इकाई में किसी भी तरह की गुटबाजी से इनकार किया।



पंजाब कांग्रेस के एकजुट होने की बात कहते हुए कहाकि चन्नी, राजा वड़िंग, राणा गुरजीत, प्रताप सिंह बाजवा, तृप्त राजिंदर बाजवा, सुखजिंदर रंधावा, हम सब एक साथ हैं। वड़िंग ने मीडिया से अपील की कि वह ऐसा न दिखाए, जिससे संदेश जाए कि प्रदेश कांग्रेस में खींचतान चल रही है।

कानपुर के चौबेपुर क्षेत्र का मामला

# दूल्हे का नागिन डांस देखकर दुल्हन का शादी से इनकार

- शराब के नशे में संतुलन खोकर स्टेज पर गिर पड़ा

एजेंसी ▶▶| कानपुर(उप्र)

उप्र के कानपुर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के हल्कापुर गांव में शादी समारोह में जयमाल से पहले दूल्हे की कथित हरकतों को देखकर दुल्हन ने शादी करने से इनकार कर दिया। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ और मामला मारपीट तक पहुंच गया। शोभन बेरी सवाई से बारात हल्कापुर गांव पहुंची थी। शादी की शुरुआती रस्में सामान्य रूप से पूरी हुईं। जयमाल की तैयारी शुरू हुई तो दूल्हे को स्टेज पर बुलाया गया। स्टेज पर पहुंचते ही दूल्हा कथित रूप से शराब के नशे में संतुलन खो बैठा, गिर पड़ा और नागिन डांस करने लगा। दूल्हे का यह हाल देखकर दुल्हन आगबबूला हो गई। उसने कहा कि वह किसी नशेड़ी से शादी नहीं करेगी।



### फैसले के बाद बढ़ा विवाद, हुई मारपीट

दुल्हन के फैसले के बाद दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। सूचना पर चौबेपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। बाद में मामला थाने पहुंचा, जहां दिनभर पंचायत और समझौते के प्रयास किए गए, लेकिन दुल्हन अपने निर्णय पर कायम रही। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में दूल्हे के नशे में होने की बात सामने आई है। लड़की पक्ष ने आरोप लगाया है कि लड़के वालों ने दहेज की मांग की थी।

# उड़ीसा में पत्नी का शव बाइक पर बांधकर लाया

झारसुगुड़ा(ओडिशा)। ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक व्यक्ति पत्नी के शव को बाइक पर लाने मजबूर हो गया। लाइकेरा ब्लॉक के उडियापाली गांव में रहने वाले नरेश छत्रिया की पत्नी जमुना की मौत मुद्रजोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गई थी। नरेश जमुना की तबीयत बिगड़ने पर उसे डॉक्टर के पास ले गया था। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नरेश ने शव को घर ले जाने के लिए एंबुलेंस मांगी, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी उसे शव वाहन नहीं मिला। मजबूरन नरेश, अपने पड़ोसी की बाइक पर पत्नी के शव को रखकर घर लेकर आया। मुंद्राजोर सीएचसी से लेकर ओडियापाली गांव की दूरी लगभग 5 किमी है। शनिवार 4 जुलाई को हुए इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें नरेश पत्नी के शरीर को चादर से ढंककर बाइक पर लेकर जाता दिख रहा है। घटना के बाद ओडिशा सरकार ने जांच के आदेश दिए।



- शव को घर ले जाने के लिए एंबुलेंस मांगी
- काफी इंतजार के बाद भी शव वाहन नहीं मिला

# लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर व इंजीनियर रैंक के कुल 10 अधिकारियों पर सीबीआई ने कसा शिकंजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में फर्जी कैजुअल मजदूरों के नाम पर सरकारी धन के कथित गबन के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को 11 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 26 स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया।

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, असम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में की गई। तलाशी चार आपराधिक मामलों के सिलसिले में की गई है, जो लद्दाख स्थित बीआरओ की प्रोजेक्ट विजयक और प्रोजेक्ट योजक में कैजुअल मजदूरों की तैनाती और उनके नाम पर भुगतान में कथित अनियमितताओं से जुड़े हैं।

सीबीआई ने बताया कि इन मामलों में रक्षा मंत्रालय की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर चार एफआईआर दर्ज की गई थीं। शिकायतें बीआरओ के तकनीकी अधिकारियों के बोर्ड द्वारा की गई आंतरिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर दर्ज कराई गईं। जांच एजेंसी के अनुसार, मामलों में सरकारी धन के गबन, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक षड्यंत्र तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत और आपराधिक कदाचार के आरोप शामिल हैं।

एफआईआर में लेफ्टिनेंट कर्नल, मेजर और इंजीनियर रैंक के कुल 10 अधिकारियों के अलावा कुछ निजी व्यक्तियों को भी नामजद किया गया है।

सीबीआई ने छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

# रेलवे जगन्नाथ रथयात्रा के लिए 300 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे इस वर्ष 300 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। ये ट्रेनें नियमित रूप से चलने वाली 800 से अधिक ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। सोमवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि वह स्वयं रथयात्रा से पहले रेलवे की तैयारियों की समीक्षा करेंगे, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और रेल संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पुरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्थायी रूप से लगभग 30 हजार यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी।



## चिंतन

# इंडोनेशिया यात्रा चीन को उसी की भाषा में जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा केवल एक द्विपक्षीय दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती सामरिक राजनीति का अहम संकेत है। यदि इंडोनेशिया के साथ लगभग 2,500 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर अंतिम मुहर लगती है, तो यह स्पष्ट संदेश होगा कि भारत अब केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने मित्र देशों की रक्षा क्षमता बढ़ाकर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और हिंद महासागर क्षेत्र के कई देशों में अपने आर्थिक, सामरिक और सैन्य प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियार, नौसैनिक सहयोग और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसी प्रकार दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में चीन की सक्रियता भारत के लिए लगातार रणनीतिक चुनौती बनी हुई है। ऐसे समय में भारत की नीति भी अधिक सक्रिय और आत्मविश्वासपूर्ण होती दिखाई दे रही है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद यदि इंडोनेशिया भी इस सूची में शामिल होता है, तो यह केवल रक्षा निर्यात नहीं रहेगा, बल्कि भारत की रणनीतिक कूटनीति का विस्तार होगा। इसका अर्थ है कि भारत उन देशों के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है, जो चीन के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। इंडोनेशिया का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, बल्कि इसलिए भी है कि दक्षिण चीन सागर में उसके हित सीधे चीन से टकराते हैं। नटुना द्वीप समूह के निकट इंडोनेशिया के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में चीनी तटरक्षक जहाजों और मछली पकड़ने वाले बेड़ों की गतिविधियां लंबे समय से तनाव का कारण रही हैं। चीन अपनी तथाकथित 'नाइन-डैश लाइन' के आधार पर लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, जबकि इंडोनेशिया 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के आधार पर इस दावे को अस्वीकार करता है। नटुना क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि तेल, प्राकृतिक गैस और समुद्री संसाधनों के कारण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग का महत्व सामान्य हथियार व्यापार से कहीं अधिक है। ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल केवल एक सैन्य प्रणाली नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता का प्रभावी माध्यम है। इससे इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। यदि भविष्य में ड्रोन और अन्य रक्षा प्रणालियों में भी सहयोग बढ़ता है, तो दोनों देशों के संबंध और अधिक गहरे हो सकते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश होने के बावजूद इंडोनेशिया की सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध परंपराओं की गहरी छाप है। प्रम्बानन मंदिर, रामायण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ऐतिहासिक रूप से गणेश की छवि का मुद्रा पर उपयोग यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक विरासत धार्मिक पहचान से कहीं व्यापक होती है। यही साझा सांस्कृतिक आधार दोनों देशों को भावनात्मक मजबूती भी देती है। कुल मिलाकर भारत की विदेश नीति अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सक्रिय होती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार चीन वर्षों से अपने साझेदार देशों के माध्यम से क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाता रहा है, उसी प्रकार भारत भी लोकतांत्रिक, संप्रभु और समान विचार वाले देशों के साथ रक्षा एवं सामरिक सहयोग का दायरा बढ़ा रहा है। यह एक तरह से चीन को उसी की भाषा में भारत का जवाब है।



आर्थिकी
डॉ जयंतीलाल भंडारी

# अब रफ्तार से बढ़ेगा टेक्सटाइल सेक्टर

**भारत का टेक्सटाइल सेक्टर नए विकास दौर की दहलीज पर खड़ा है। 15 जुलाई से लागू होने वाला भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता इस उद्योग के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है, क्योंकि ब्रिटेन ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर 12% तक का आयात शुल्क समाप्त कर दिया है। इससे भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात को नई गति मिलेगी। दूसरी ओर, सरकार की एफटीए नीति, कपास आयात पर सीमा शुल्क में राहत, पीएम मित्र पार्क, नए श्रम कानून, बजट प्रावधान और तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने जैसे कदम उद्योग की क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। हालांकि, इस तेजी के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान भी उतना ही आवश्यक होगा।**

हाल ही में 5 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच 15 जुलाई से लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते के नियम जारी किए गए हैं। इससे भारत का टेक्सटाइल सेक्टर रफ्तार से बढ़ेगा। टेक्सटाइल सेक्टर में अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के कई कारण हैं। निश्चित रुप से भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता सबसे बड़ा गेम-चेंजर होगा। 15 जुलाई से लागू होने वाले इस समझौते के तहत यूके ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर लगने वाले 12 प्रतिशत तक के आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है।इससे भारतीय कपड़े और रेडीमेड गारमेंट्स ब्रिटिश बाजार में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते और प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इस मुक्त व्यापार समझौते के लाभ और निर्यातकों द्वारा समय पर की गई तैयारी के कारण, यूके और यूरोपीय बाजारों से भारतीय कपड़ों की मांग में 12 से 25 प्रतिशत तक की तेज वृद्धि दर्ज संभावित है। वैश्विक ब्रांड चीन से अपनी सप्लाई चेन को शिफ्ट कर रहे हैं, जिससे भारत को एक बड़ा अवसर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय सरकार देश के 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले और करीब 174 अरब डॉलर के बाजार आकार के टेक्सटाइल्स सेक्टर को मजबूती देने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। सरकार ने एक जून से पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित हो रहे टेक्सटाइल सेक्टर को राहत देने और निर्यातकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए पांच माह के लिए कपास आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क को पूर्ण रूप से माफ कर दिया है। सरकार लगातार मुक्त व्यापार समझौतों( एफटीए) में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रही है। हाल ही में लागू किए गए नए श्रम कानूनों से टेक्सटाइल सेक्टर को जोरदार बढ़ावा मिलेगा। टेक्सटाइल सेक्टर के विकास के लिए पीएम मित्र पार्क मील का पत्थर हैं। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में टेक्सटाइल सेक्टर के लिए किए गए अभूतपूर्व प्रावधानों का कार्यान्वयन शुरु हो गया है। साथ ही पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा टेक्सटाइल सेक्टर में सुधार के लिए उठाए गए बहुआयामी कदम टेक्सटाइल सेक्टर को लाभान्वित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस परिदृश्य के मद्देनजर वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की रेटिंग बढ़ाई है। इनवेस्टमेंट इनफॉरमेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर का आउटलुक 'नेगेटिव' से बढ़ाकर 'स्टेबल' कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में एक जून से भारत और ओमान के बीच सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) लागू हुआ है। इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के टेक्सटाइल सहित 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर आयात शुल्क पूरी तरह से शून्य कर दिया है। इसी तरह एफटीए वाले अन्य देशों में ज़ीरो या लगभग ज़ीरो ड्यूटी एक्सेस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए से टेक्सटाइल निर्यात में भारी उछाल आया है। साथ ही आगामी महीनों में न्यूजीलैंड तथा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के



क्रियान्वयन से इन देशों को भारत से तेजी से टेक्सटाइल निर्यात बढ़ेगा। खासतौर से यूरोप के 27 देशों के संगठन यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल शुरू होने के दो-तीन वर्षों में ही यूरोपीय संघ को भारत से करीब 20 अरब डालर तक का टेक्सटाइल निर्यात बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, इन दिनों अमेरिका के साथ जिस द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, उसके तहत भारत को अमेरिका में धागे और कपास से बने कपड़ों पर भारी शुल्क छूट हासिल होगी और टेक्सटाइल निर्यात ऊंचाई पर पहुंचेंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत में टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूती देने के मद्देनजर पिछले माह 9 मई से पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय ने सात मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क स्थापित करने के लिए जो पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की है, उसके तहत काम प्रगति पर है और उससे देश के टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊंचाई मिलेगी । पीएम मित्र पार्क प्रधानमंत्री के पांच-एफ विजन-फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्टरी से फैशन और फैशन से फॉरेन तक से प्रेरित है। यह एक 'आत्म-निर्भर भारत' के निर्माण की दृष्टि को पूरा करने और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। सरकार की इस पहल से इन टेक्सटाइल पार्कों में करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश आने का अनुमान है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से तेजी से क्रियान्वित हो रहे केंद्रीय बजट के तहत टेक्सटाइल सेक्टर के लिए जिस तरह अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं, उससे भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बजट में 'टेक्स-इको' पहल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। बजट में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को आधुनिक बनाने के लिए 'सामर्थ्य -2' का अनावरण किया गया है। बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल भी महत्वपूर्ण है। यह पहल खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए, एक जिला एक उत्पाद को भी समर्थन देती है। निसंदेह टेक्सटाइल सेक्टर के लिए ऐसे अभूतपूर्व रणनीतिक प्रयासों से भारत का टेक्सटाइल उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। लेकिन टेक्सटाइल सेक्टर के तेजी से बढ़ने की संभावनाओं के बीच हमें इस बात पर ध्यान रखना होगा कि विगत वर्षों में टेक्सटाइल सेक्टर पर अनिश्चितताओं और बदलावों का दबाव रहा है और अभी भी वर्ष 2026 में टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ते मौकों के बावजूद बड़ी चुनौतियाँ सामने खड़ी हुई हैं। जिसमें लगातार लॉजिस्टिक्स पर असर डालने वाली जियोपॉलिटिकल रुकावटें, बढ़ती इनपुट और कम्प्लायंस लागत और सोर्सिंग जगहों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल हैं। इन चुनौतियों के समाधान के साथ टेक्सटाइल निर्यात बढ़ाने के लिए अधिक प्रयासों की जरूरत दिखाई दे रही है। उम्मीद करें कि 15 जुलाई से भारत और ब्रिटेन के बीच लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को रफ्तार मिलेगी। एक जून से 30 अक्टूबर तक के लिए लागू कपास के आयात में सीमा शुल्क की छूट से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को पर्याप्त राहत मिलेगी और विदेशों में भारत के टेक्सटाइल निर्यातक प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे। ऐसे में हम उम्मीद करें कि लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल का बाजार आकार तेजी से बढ़कर 350 अरब डॉलर और निर्यात 100 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार के 3.5 करोड़ से अधिक नए मौके निर्मित होते हुए भी दिखाई देंगे।

( लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
महेन्द्र तिवारी



# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल: सरकार बनाम सोशल मीडिया के दावे

भारत तेजी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण, जिसे ई-20 कहा जाता है। सरकार का दावा है कि इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटेगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय से ई-20 को लेकर अनेक दावे और आशंकाएं सामने आई हैं। कहीं कहा गया कि इससे वाहन के इंजन जल्दी खराब हो जाएंगे, कहीं माइलेज में भारी गिरावट का दावा किया गया, तो कहीं यह तक कहा गया कि ऐसे ईंधन का उपयोग करने पर वाहन का बीमा अमान्य हो सकता है। इन दावों के बाद आम वाहन मालिकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इन दावों पर विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि ई-20 कार्यक्रम किसी जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं है बल्कि यह वैज्ञानिक अनुसंधान, भारतीय परीक्षणों और दुनिया के अनेक देशों के अनुभवों पर आधारित है। मंत्रालय का कहना है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अधिकांश दावे भ्रामक हैं और लोगों को तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनानी चाहिए। भारत में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम कोई नई पहल नहीं है। इसकी शुरुआत कई वर्ष पहले कम प्रतिशत मिश्रण के साथ हुई थी। समय के साथ एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ी और सरकार ने मिश्रण का लक्ष्य भी बढ़ाया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ने निर्धारित समय से पहले 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया। सरकार का मानना है कि इससे पेट्रोलियम आयात पर होने वाला भारी खर्च कम होगा और देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। साथ ही गन्ना, मक्का तथा अन्य फसलों से एथेनॉल उत्पादन होने के कारण किसानों के लिए अतिरिक्त बाजार उपलब्ध होगा। सबसे बड़ा विवाद इंजन की सुरक्षा को लेकर सामने आया। सोशल मीडिया पर कई वीडियो और पोस्ट में दावा किया गया कि ई-20 पेट्रोल से इंजन के धातु और रबर के पुर्जे तेजी से खराब हो जाते हैं। सरकार ने इन दावों को गलत बताते हुए कहा कि भारतीय अनुसंधान संस्थानों और वाहन निर्माताओं द्वारा किए गए परीक्षणों में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला कि ई-20 से आधुनिक वाहनों के इंजन को गंभीर नुकसान पहुंचता है। मंत्रालय के अनुसार जिन वाहनों को ई-20 के अनुरूप बनाया गया है, उनमें इसका सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है। हालांकि बहुत पुराने वाहनों में कुछ रबर या प्लास्टिक के पुर्जों का घिसाव अपेक्षाकृत अधिक हो सकता है, लेकिन इसे व्यापक इंजन खराबी का प्रमाण नहीं माना जा सकता। माइलेज का मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है। एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल की तुलना में कुछ कम होती है, इसलिए कुछ परिस्थितियों में ईंधन दक्षता में हल्की कमी आ सकती है। स्वयं पेट्रोलियम मंत्री ने भी स्वीकार किया है कि माइलेज में मामूली गिरावट संभव है, लेकिन सरकार का कहना है कि यह इतनी अधिक नहीं होती कि वाहन संचालन पर बड़ा प्रभाव पड़े। दूसरी ओर कुछ उपभोक्ताओं का अनुभव इससे अलग भी रहा है और उन्होंने अधिक कमी महसूस होने की शिकायत की है। यही कारण है कि इस विषय पर सार्वजनिक बहस अभी भी जारी है। बीमा को लेकर फैली अफवाहों ने भी लोगों को परेशान किया। कई संदेशों में दावा किया गया कि यदि वाहन में ई-20 पेट्रोल का उपयोग किया गया तो दुर्घटना की स्थिति में बीमा कंपनी दावा स्वीकार नहीं करेगी। मंत्रालय ने इसे पूरी तरह भ्रामक बताया है। सरकार के अनुसार यदि वाहन निर्माता ने ई-20 उपयोग की अनुमति दी है या वाहन इस ईंधन के अनुरूप है, तो केवल ई-20 का उपयोग करने के कारण बीमा या वारंटी समाप्त नहीं होती। वाहन निर्माता कंपनियों ने भी इस संबंध में उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। एक और वायरल दावा था कि एथेनॉल उत्पादन में अत्यधिक पानी खर्च होता है और इससे जल संकट बढ़ जाएगा। कुछ संदेशों में एक लीटर एथेनॉल बनाने के लिए हजारों लीटर पानी खर्च होने की बात कही गई। सरकार ने इसे भी गलत बताया है। कुल मिलाकर ई-20 पेट्रोल को लेकर दो समानांतर तस्वीरें सामने आती हैं। पहली तस्वीर सरकार और वैज्ञानिक संस्थानों की है, जो इसे ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। दूसरी तस्वीर उन उपभोक्ताओं और विशेषज्ञों की है जो माइलेज, पुराने वाहनों की अनुकूलता और दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर अधिक अध्ययन और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी नई तकनीक की सफलता अंततः तथ्यों, पारदर्शिता और निरंतर संवाद पर ही निर्भर करती है।

( लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा- तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला- बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी- बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विश्व क्षमा दिवस आत्मशुद्धि और मानवता का अमृत पर्व

हर वर्ष 7 जुलाई को विश्व क्षमा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को पुराने मतभेदों, कटु स्मृतियों और वैरभाव को भुलाकर स्वयं तथा दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 1994 में कनाडा में क्राइस्ट्स एंबेसडर्स क्रिश्चियन एंबेसी द्वारा इस दिवस की शुरुआत की गई थी। आज यह दिन केवल किसी एक देश या समुदाय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का संदेश देने वाला अवसर बन चुका है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के बीच क्षमा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाली ऐसी साधना है, जो व्यक्ति के भीतर के अंधकार को समाप्त कर देती है। क्षमा का अर्थ केवल किसी से औपचारिक रूप से यह कह देना नहीं कि 'मैं तुम्हें क्षमा करता हूँ।' - *सचिन गुलिया, रोहतक*

## करंट अफेयर

# चीन ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

चीन की सेना ने सोमवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में अपनी परमाणु संचालित पनडुब्बी से लंबी दूरी तक प्रहार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। कई देशों ने इसका विरोध करते हुए चिंता व्यक्त की है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, मिसाइल का प्रक्षेपण दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर किया गया और यह एक 'डमी' हथियार से लैस थी। चीन ने करीब दो वर्ष पहले प्रशांत महासागर में मिसाइल परीक्षण किया था, तब एक 'डमी' हथियार से लैस अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। 'शिन्हुआ' की खबर में कहा गया कि यह प्रक्षेपण नियमित वार्षिक प्रशिक्षण का हिस्सा है जो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और यह किसी देश के खिलाफ नहीं था। इस खबर को रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया पर दोबारा साझा किया गया। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इस परीक्षण की आलोचना की। न्यूजीलैंड सरकार ने कहा कि उसे इस नियोजित प्रक्षेपण की जानकारी कुछ घंटे पहले दे दी गई थी और उसने इस पर ध्यान आकर्षित किया कि मिसाइल को दक्षिण प्रशांत महासागर के परमाणु मुक्त क्षेत्र में दागा गया था।



## ऑफ बीट

# चित होकर लेटना 'सदर्न राइट व्हेल' की कोई बीमारी नहीं है



अगर आप साल के इस समय ऑस्ट्रेलिया के किसी भी दक्षिणी तट पर खड़े हों, तो हो सकता है कि आपको छिछले पानी में तैरती हुई 'सदर्न राइट व्हेल' (यूबेलेना ऑस्ट्रैलिस) देखने को मिल जाए। समुद्र के ये विशालकाय जीव प्रजनन करने, बच्चे को जन्म देने और आराम करने के लिए दक्षिणी महासागर और अंटार्कटिका से यहां आते हैं। अगर आप सच में खुश किस्मत हों, तो हो सकता है कि आप उनमें से किसी एक को चित (उल्टा) होकर आराम करते हुए भी देख लें। पहली नज़र में, यह हैरान कर देने वाला व्यवहार- जो अन्य बड़ी व्हेल मछलियों में नहीं देखा गया है- आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि यह जीव बीमार या घायल है। वास्तव में , यह एक स्वस्थ मां का संकेत हो सकता है, जो अपनी जिदगी के सबसे ज्यादा ऊर्जा की मांग वाले दौर में अपनी ऊर्जा के भंडार को सावधानी से संभाल रही है। संतुलित करने की कोशिश सदर्न राइट व्हेल छह हजार किलोमीटर से भी ज़्यादा लंबी दूरी तय करती हैं। यह दूरी पर्थ से सिडनी और वापस आने की दूरी के बराबर है। अगर यह दूरी आपको मुश्किल भरी नहीं लगती, तो जान लें कि ऑस्ट्रेलिया में बच्चे को जन्म देने वाली जगहों पर 'सदर्न राइट व्हेल' कुछ भी खाती-पीती नहीं हैं।

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता पर अडिग रहे मुखर्जी



आज हमारा देश महान दूरदर्शी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर रहा है। हमने अनुच्छेद 370 हटाकर उनका सपना पूरा किया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के पक्षधर थे और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहे। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### कहां है पासपोर्ट की ताकत



मोदी सरकार की नीतियां भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में दावा किया था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को जानते हैं। वह 'ताकत' आखिर दिखाई कहां देती है? **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### एसआईआर पर आपत्तियां



निर्वाचन आयोग जिस तरह से एसआईआर कर रहा है, उसे लेकर हमारी भी आपत्तियां हैं। हमने मामले को अदालत में उठाया है। हमारी सरकार का कोई भी व्यक्ति एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं। **-डी. के. शिवकुमार,** सीएम कर्नाटक

### एमपी में इसी माह यूसीसी



एमपी में इसी महीने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आएगा। हिंदू एक शादी करता है और सात फेरे लेता है, तो सभी के लिए ऐसा ही कानून होना चाहिए। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। वह फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ है। **-डॉ. मोहन यादव,** सीएम एमपी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हालैंड ने दागे शानदार दो गोल, पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराया

# नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में, ब्राजील बाहर

एजेंसी ▸▸| ईस्ट रदरफोर्ड

एर्लिंग हालैंड ने 80वें मिनट में पहला गोल किया और नियमित समय के समाप्त होने से ठीक पहले एक और गोल दागा, जिससे नॉर्वे ने पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस युवा स्ट्राइकर को मैच में अधिकतर समय गेंद को स्पर्श करने के कम ही मौके मिले लेकिन जब महत्वपूर्ण अवसर पर गेंद उनकी जद में आई तो उन्होंने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर दिखा दिया कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं। हालैंड ने हाफ टाइम के बाद मैदान में उतरे एंड्रियास शेल्डरुप के बेहतरीन पास पर गेंद को अपने दाहिने तरफ से गोल में पहुंचाया। यह छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का विश्व कप में छठा गोल था, जिसका जश्न शेल्डरुप ने उनकी पीठ पर चढ़कर मनाया। शेल्डरुप ने इसके बाद हालैंड के विश्व कप में सातवें गोल करने में भी मदद की और फिर उसी तरह से जश्न मनाया।

### मेस्सी, एमबाप्पे की बराबरी पहुंचे हालैंड

इस गोल से हालैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के मामले में लियोनेल मेस्सी और काइलियन एमबाप्पे की बराबरी कर ली। ब्राजील की तरफ से नेमार ने स्टॉपेज टाइम के अंत में पेनल्टी किक पर गोल किया, जिससे उसकी हार का अंतर ही कम हुआ। हालैंड ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार 14 प्रतिस्पर्धी मैचों में गोल करने का सिलसिला जारी रखा। इस दौरान उन्होंने 27 गोल किए हैं। नॉर्वे के लिए वह 54 मैचों में 62 गोल कर चुके हैं। नॉर्वे की इस जीत में उसके गोलकीपर ओरजान नाइलैंड की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने कुछ शानदार बचाव किए।



### जीत के बाद जश्न में डूबा नॉर्वे

**ईस्ट रदरफोर्ड।** पांच बार के चैंपियन ब्राजील पर 2-1 से मिली जीत में दोनों गोल करने वाले एर्लिंग हालैंड का मन नॉर्वे की गलियों में घूम रहा है, जहां हजारों की तादाद में फुटबॉलप्रेमी साथ में 'वाइकिंग रो' जश्न मना रहे हैं। हालैंड ने इस असाधारण जीत के बाद कहा ,' नॉर्वे की सड़कों को देखो। मैंने पहले ऐसा कभी नहीं देखा। काश मैं ओस्लो में होता और उन लोगों के साथ जश्न मना रहा होता।' लेकिन नॉर्वे फुटबॉल टीम के लिए अच्छा है कि वह अमेरिका में हैं और फीफा विश्व कप में दनादन गोल करके 55 लाख के करीब आबादी वाले अपने देश को जश्न मनाने के मौके लगातार दे रहे हैं। ओस्लो में टाउन हॉल के बाहर चौक पर करीब 50 हजार प्रशंसक मौजूद थे, जिन्होंने गले में नॉर्वे फुटबॉल का स्कार्फ पहन रखा था। नॉर्वे के युवराज हाकॉन रॉयल पैलेस के बाहर प्रशंसकों से मिले और मैच के बाद 'वाइकिंग रो' में भी हिस्सा लिया। अब दुनिया भर में लोकप्रिय हुए 'वाइकिंग रो' में सभी प्रशंसक जमीन पर एक लाइन में बैठ जाते हैं, मानो वे किसी पुरानी 'वाइकिंग लॉन्गबोट' (समुद्री नाव) में बैठे हों। फिर एक लीडर ड्रम बजाना शुरू करता है। ड्रम की बीट के साथ हजारों फैंस एक साथ अपने हाथों से नाव चलाने का एक्शन करते हैं और पूरी ताकत से 'रो!' चिल्लाते हैं।



### नेमार ने इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा

**ईस्ट रदरफोर्ड।** स्टार स्ट्राइकर नेमार ने ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। नेमार ने कहा, 'मैंने अपनी तरफ से प्रयास किए। इसकी शुरुआत मेटलाइफ स्टेडियम से हुई थी और यहीं पर इसका अंत हुआ। अब यह सब खत्म हो चुका है।' इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 9 अगस्त 2010 को इसी स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ मैत्री मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ बेंच से मैदान में उतरने के बाद अंतिम मिनटों में पेनल्टी किक पर गोल किया। ढदाहिनी पिंडली में चोट के कारण नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से केवल दो में ही खेल पाए। ग्रुप चरण में वह स्कॉटलैंड के खिलाफ सिर्फ 15 मिनट के लिए मैदान पर उतरे थे। एक दशक से अधिक समय तक ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे नेमार हाल के वर्षों में चोटों से जूझते रहे, जिससे वह अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेल पा रहे थे। ब्राजील फुटबॉल की जिम्मेदारी अब अगली पीढ़ी संभाल रही है।



## इंग्लैंड ने रोका मैक्सिको का अजेय अभियान, अंतिम 16 में बनाई जगह

**मैक्सिको सिटी।** इंग्लैंड की एस्टाडियो एज़्टेका स्टेडियम से कुछ कड़वी यादें जुड़ी थी जबकि मैक्सिको विश्व कप में हमेशा यहां से सुखद अनुभूति के साथ ही लौटा था लेकिन इसका उल्टा हो गया। इंग्लैंड ने मैक्सिको को अंतिम 16 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जूड बेलिंगहैम ने 98 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए और हैरी केन ने पेनल्टी को तब गोल में बदला जब इंग्लैंड 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे इंग्लैंड ने इस स्टेडियम में मैक्सिको को विश्व कप में पहली हार का स्वाद चखाया। इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में नॉर्वे का सामना करेगा। यह वही स्टेडियम है, जहां 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में डियागो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी के सर्वश्रेष्ठ गोल' की बदौलत अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को हराया था।

## खबर संक्षेप



### अदिति ने हासिल किया तीसरा स्थान

**हुलेनकोर्ट।** गोल्फर अदिति अशोक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हुलेनकोर्ट विमेंस ओपन में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि दीक्षा डागर संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में दो-अंडर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर नौ-अंडर 279 रहा। वह स्पेन की विजेता कैरोलिना लोपेज चाकारा से तीन शॉट पीछे रहीं। चाकारा ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 का कार्ड खेलते हुए कुल 12-अंडर 276 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट (एक-ओवर 73) कुल नौ-अंडर के स्कोर के साथ उपविजेता रहीं। अदिति और दीक्षा ने अंतिम दौर की शुरुआत संयुक्त तीसरे स्थान से की थी। तब दोनों का स्कोर पांच-अंडर था और वे बेनेट से पांच स्ट्रोक पीछे थे।

### 16 जुलाई से चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट

CHENNAI GRAND MASTERS

**चेन्नई।** विश्व चैंपियन गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 16 से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स के चौथे सत्र में हिस्सा लेंगे। इस 75 लाख रुपए इनामी राशि वाले टूर्नामेंट से महत्वपूर्ण फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे, जो अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे खिलाड़ियों के लिए अहम होंगे। प्रतियोगिता में दो बार के ग्रैंड चेस टूर चैंपियन अलीरेजा फिरोजा, 2026 बुलेट चेस चैंपियन निहाल सरीन, पूर्व कैंडिडेट्स चैलेंजर दिमित्री आंद्रेकिन, अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन और पिछले साल के चैलेंजर्स चैंपियन प्रणेश एम भी खेलते हुए नजर आएंगे। पहली बार टूर्नामेंट में 'ओपनिंग मूव्स फोटोस्लॉट' टिकट पेश किया जाएगा।

विम्बलडन

## ओसाका ने विश्व नंबर-1 सबालेंका को हराया, क्वार्टर फाइनल में एंट्री


एजेंसी ▸▸| लंदन

जापान की नाओमी ओसाका ने विम्बलडन में इस साल के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका को 6-2, 7-6 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मुकाबले से पहले सबालेंका इस वर्ष तीनों भिड़ंतों में ओसाका को हरा चुकी थीं, जिनमें पिछले महीने फ्रेंच ओपन के इसी दौर का मुकाबला भी शामिल था। ओसाका ने मैच के शुरुआती सेट में अपना सब कुछ झोंक दिया और उनकी यह रणनीति कारगर रही। ओसाका की तेज और सपाट ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने सबालेंका बेबस नजर आईं।

### ओसाका ने मनाया जीत का उत्सव

ओसाका ने कहा, 'क्ले कोर्ट पर मुझे लगा कि वह लगातार मुझे बैकफुट पर धकेल रही थीं। इस बार मेरी कोशिश थी कि मैं पहले उन पर दबाव बनाऊं।' जीत के बाद ओसाका ने मुट्ठियां लहराकर जश्न मनाया, मुस्कुराईं और रैकेट सिर के ऊपर उठाकर घूमते हुए सेंटर कोर्ट पर अपने करियर की पहली जीत का उत्सव मनाया।



### ओसाका के सामने अब मुचोवा की चुनौती


अंतिम आठ में ओसाका के सामने अब कारोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। मुचोवा ने मौजूदा चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को 7-5, 5-7, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इसके परिणाम के साथ यह भी तय हो गया कि इस बार विम्बलडन महिला एकल में नया चैंपियन मिलेगा। महिला एकल के अन्य मुकाबले में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलिंडा बेनचिच को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना हमवतन जेसिका पेगुला से होगा, जिन्होंने अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी ईवा जोविच को 4-6, 6-3, 6-1 से पराजित किया।

## श्रीलंका के खिलाफ वेस्टइंडीज का पलटवार

**दूसरा टेस्ट :** शाई होप और ग्रीव्स ने की शानदार साझेदारी

एजेंसी ▸▸| नार्थ साउंड

कप्तान शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स के बीच पांचवें विकेट के लिए 174 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 318 रन बना लिए। टीम अब भी श्रीलंका के 9 विकेट पर 549 रन पर पारी घोषित स्कोर से 231 रन पीछे है।



### अब तक गिरे सिर्फ 13 विकेट

धीमी रफ्तार से आगे बढ़े दिन के खेल में केवल तीन विकेट गिरे, जबकि कुल 260 रन बने। टेस्ट के पहले तीन दिनों में अब तक सिर्फ 13 विकेट ही गिरे हैं, जो बल्लेबाजों के अनुकूल पिच का संकेत है। स्टंप्स के समय होप 86 और ग्रीव्स 85 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दोनों अपने-अपने टेस्ट करियर के क्रमशः पांचवें और तीसरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही उनकी नजर न्यूजीलैंड के खिलाफ दिसंबर में क्राइस्टचर्च में बनाई गई 196 रन की अपनी सर्वोच्च साझेदारी के रिकॉर्ड पर भी है।

### सीरीज में वेस्टइंडीज 1-0 से आगे

वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में पहले टेस्ट में पारी और 217 रन की बड़ी जीत के बाद 1-0 से आगे है। ऐसे में तीसरे दिन श्रीलंका पर मैच में बढ़त बनाने की जिम्मेदारी थी, लेकिन सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की सपाट पिच पर उसके गेंदबाजों को विकेट हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

## युवा वनडे : भारत का मजबूत स्कोर अन्वय द्रविड़ ने खेली शानदार पारी

एजेंसी ▸▸| हंबनटोटा

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 67 गेंदों में 87 की शानदार पारी खेली, जिससे भारत अंडर-19 टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे युवा वनडे मैच में सभी विकेट खोकर 285 रन बनाए।

भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 81 रन था। अन्वय (नौ चौके और एक छक्का) और अर्जुन राजपूत (76) ने टीम को संकट से उबारा। विकेटकीपर-बल्लेबाज



अन्वय और राजपूत ने पांचवें विकेट के लिए 145 रन जोड़कर भारत को 221 रन तक पहुंचाया। राजपूत के आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अन्वय ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 47 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

ग्रैंड शतरंज टूर

## प्रज्ञानानंदा की शानदार वापसी हासिल किया तीसरा स्थान



एजेंसी ▸▸| जाग्रेब

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के क्रोएशियाई चरण के अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने 23.5 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के ही मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ 21.5 अंक जुटाकर संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन की शुरुआत जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार के साथ की लेकिन इसके बाद अंतिम आठ बाजियों में छह अंक जुटाकर शानदार वापसी की। उन्हें दूसरी हार हमवतन और मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश के खिलाफ मिली, जबकि उन्होंने टूर्नामेंट विजेता फिरोजा को हराने में सफलता हासिल की।

### अलीरेजा नहीं रख पाए लय बरकरार

ब्लिट्ज के पहले दिन नौ में से आठ अंक हासिल कर शानदार शुरुआत करने वाले अलीरेजा अंतिम दिन लय बरकरार नहीं रख सके और केवल पांच अंक ही जोड़ पाए। इससे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी कुल 23.5 अंकों के साथ उनकी बराबरी कर ली। इसके बाद खिताब का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। शुरुआती दो मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद 'आर्मागेडन' मुकाबले में काले मोहरों से खेल रहे अलीरेजा ने ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया।

### गुकेश 18.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर

जर्मनी के विंसेंट कीमर 20 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश 18.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे।

तीसरे टी-20 में आज इंग्लैंड के खिलाफ कांटे का मुकाबला

## टीम इंडिया में बदलाव के संकेत, बिश्नोई हो सकते हैं बाहर

एजेंसी ▸▸| नॉटिंघम

ब्रिटेन दौरे पर अब तक जीत का स्वाद चखने में नाकाम रही भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में संयोजन में बदलाव कर सकती है। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम प्रबंधन अतिरिक्त तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर रहा है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह खतरे में दिखाई दे रही है।

### अय्यर की कप्तानी में तीन मुकाबले हारी टीम

अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मुकाबले हार चुका है। इनमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की शर्मनाक श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में टीम के लिए तीसरा टी20 'करो या मरो' जैसा मुकाबला बन गया है। मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 में बिश्नोई पूरी तरह लय से बाहर नजर आए। उन्होंने तीन 'बैक-फुट नो-बॉल' फेंकी और पारी के 17वें ओवर में 29 रन लुटाए। चार ओवर में बिना विकेट लिए 60 रन खर्च करने के बाद उनकी टीम में जगह पर सवाल उठने लगे हैं।



### प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है मौका

विशेषज्ञों का मानना है कि जब अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती पहले से मौजूद थे, तब ओल्ड ट्रैफर्ड की परिस्थितियों में तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर की जरुरत नहीं थी। ट्रेंट ब्रिज की परिस्थितियों को देखते हुए बिश्नोई का अंतिम एकादश में शामिल होना मुश्किल माना जा रहा है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है। स्विंग और पिच से अतिरिक्त हरकत हासिल करने की उनकी क्षमता उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा से बेहतर विकल्प बनाती है, जिनकी 'बैक-ऑफ-द-लेंथ' गेंदें टी20 क्रिकेट में अपेक्षाकृत आसान साबित होती हैं।

### सूर्यवंशी से आक्रामक पारी की उम्मीद

ट्रेंट ब्रिज की बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से एक बार फिर आक्रामक पारी की उम्मीद होगी। उनके साथ शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा भारतीय पारी की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। पिछले छह महीनों से आईपीएल समेत अधिकांश मुकाबले सपाट विकेटों पर खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजी इकाई इंग्लैंड की अतिरिक्त उछाल, गेंद की हरकत और सैम कुरन जैसे गेंदबाजों की विविधताओं के सामने संघर्ष करती दिखी है।

**मैच का समय : रात 10:00 बजे**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




## खबर संक्षेप

### श्रीलंका की जेल में खूनी संघर्ष, 25 की मौत



**कोलंबो।** श्रीलंका के नेगोम्बो शहर की एक जेल में ड्रग माफियाओं के दो विरोधी गुटों के बीच भीषण हिंसक झड़प हो गई। इस खूनी संघर्ष में 4 सुरक्षाकर्मियों सहित 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार रात शुरू हुआ यह विवाद सोमवार सुबह तक एक बड़े दंगे में बदल गया। इसे पिछले पांच सालों का सबसे घातक जेल दंगा बताया जा रहा है। घायलों को इलाज के लिए नेगोम्बो सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, कई कैदियों और गार्ड्स को चोटें लगी हैं।

### ईयू का चीन को बड़ा झटका सस्ते आयात पर 3 यूरो ड्यूटी



**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ ने चीन समेत अन्य देशों से आने वाले सस्ते सामानों पर मिलने वाली छूट खत्म कर दी है। अब 150 यूरो तक के कम मूल्य वाले ऑनलाइन उत्पादों (बी2सी) पर प्रति डिक्लेरेशन लाइन 3 यूरो की एक समान कस्टम ड्यूटी लगेगी। इसका सीधा असर चीन के ई-कॉमर्स बाजार पर पड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क के कारण ग्राहकों का खर्च बढ़ेगा, जिससे कई लोग खरीदारी रद्द कर रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने और बाजार में निष्पक्षता लाने के लिए यह अस्थायी नियम 1 जुलाई 2028 तक लागू रहेगा।

### स्वदेशी डिजाइन और आधुनिक हथियारों से होगा लैस

# भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होगा स्वदेशी युद्धपोत 'महेंद्रगिरि'

- पहली बार किसी युद्धपोत को मिला 'महेंद्रगिरि' नाम
- लंबी दूरी के अभियानों के लिए पूरी तरह सक्षम

**स्टील्थ तकनीक से दुश्मन के रडार को देगा चुनौती**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना को जल्द ही एक और अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत मिलने जा रहा है। प्रोजेक्ट-17ए श्रृंखला के छठे स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि (एफ-38) को 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह में नौसेना के बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से तैयार यह युद्धपोत भारतीय नौसेना की समुद्री शक्ति, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन और आधुनिक युद्ध क्षमता को नई मजबूती देगा। महेंद्रगिरि का डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। यह युद्धपोत सतह से सतह और सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइलों, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, आधुनिक सेंसर, पनडुब्बी रोधी हथियारों और एकीकृत कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। इसे नौसेना की बहुआयामी युद्ध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। महेंद्रगिरि स्टील्थ तकनीक से लैस फ्रिगेट है, जिसकी विशेष बनावट और डिजाइन इसे दुश्मन के रडार पर सामान्य युद्धपोतों की तुलना में काफी कम दिखाई देती है। यही क्षमता युद्ध की स्थिति में इसे सामरिक बढ़त दिलाती है।

> **नौसेना की समुद्री शक्ति व आधुनिक युद्ध क्षमता को नई मजबूती देगा**



#### 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का हुआ इस्तेमाल

*महेंद्रगिरि के निर्माण में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसके निर्माण में देश की प्रमुख रक्षा कंपनियों के साथ-साथ सैकड़ों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भी योगदान दिया। इससे न केवल रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हुए और देश के रक्षा विनिर्माण तंत्र को मजबूती मिली।*

#### युद्ध के साथ राहत और बचाव अभियानों में भी निभाएगा भूमिका

*महेंद्रगिरि केवल युद्ध अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। इसका उपयोग मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, खोज एवं बचाव अभियान, समुद्री सुरक्षा गश्त और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिशनों में भी किया जा सकेगा। समुद्र में फंसे लोगों की सहायता से लेकर प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने तक यह कई अहम जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम होगा।*

समुद्र में चुपचाप आगे बढ़ने और जरूरत पड़ने पर घातक प्रहार करने की इसकी क्षमता इसे बेहद प्रभावी युद्धपोत बनाती है। इस युद्धपोत का नाम पूर्वी घाट की प्रसिद्ध महेंद्रगिरि पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है, जो शक्ति, धैर्य और अडिग संकल्प का प्रतीक मानी जाती है। भारतीय नौसेना के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी युद्धपोत को 'महेंद्रगिरि' नाम दिया गया है।

**किफायती दामों में किसानों को मिलेगा यूरिया**

### 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा

# 15 जहाजों ने होर्मुज पार किया, सात लाख मीट्रिक टन खाद पंहुचेगी भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के लिए उर्वरक एवं कच्चा माल लेकर आने वाले कुल 15 जहाज़ सुरक्षित रूप से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। इनके भारत पहुंचने पर भारत में खाद के भंडार में बढ़ोतरी हो सकेगी। इनमें 8 जहाजों में 3.32 एलएमटी यूरिया, 4 जहाजों में 2.57 एलएमटी डीएपी तथा 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा है। इसके साथ ही 5 और जहाज भी भारत के लिए रवाना होंगे जिनमें से एक में 0.25 एलएमटी अमोनिया तथा एक अन्य जहाज़ में 0.45 एलएमटी यूरिया लदा हुआ है। शेष दो जहाजों में यूरिया तथा एक जहाज में सल्फर की लोडिंग की जा रही है। कृषि विभाग की ओर से पूरे साल के लिए 383.9 एलएमटी उर्वरकों की जरूरत का अनुमान लगाया है इसके मुकाबले 197.56 एलएमटी का भंडारण है जो करीब 51 प्रतिशत से अधिक है। केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उर्वरक विभाग, राज्य सरकारों के साथ लगातार समन्वय कर रहा है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार की उथल-पुथल का प्रभाव देश के किसानों पर बिल्कुल न पड़े और उन्हें किफायती दामों पर समय पर खाद मिल सके। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतों में ऐतिहासिक उछाल के बावजूद भारत सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले थलसेना प्रमुख धीरज सेठ, शिष्टाचार भेंट की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने भारत की राष्ट्रपति एवं तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की है। जनरल धीरज सेठ अपनी पत्नी कोमल सेठ के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात करने पहुंचे थे। यह मुलाकात भारतीय सैन्य नेतृत्व और राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद के बीच परंपरागत संवाद एवं विश्वास का महत्वपूर्ण प्रतीक मानी जाती है।गौरतलब है कि यह भेंट ऐसे समय हुई है जब जनरल धीरज सेठ ने हाल ही में भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। सेना की कमान संभालने के बाद राष्ट्रपति से उनकी यह पहली मुलाकात है। यह मुलाकात इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि राष्ट्रपति भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। राष्ट्रपति व सेना के शीर्ष नेतृत्व के साथ समय-समय पर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सैन्य तैयारियों से जुड़े विषयों पर संवाद की परंपरा रही है।

### 6000 किमी दूर ऑस्ट्रिया में विदेशी बच्चे पढ़ रहे पंचतंत्र की कहानियां

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत ने जब से स्कूली बच्चों को पंचतंत्र पढ़ाया है, तब से ही ये पूरा मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। पंचतंत्र की कहानियां भारत में काफी पॉपुलर हैं। स्कूल में बहुत सारे स्टूडेंट्स ने इस किताब की पढ़ाई की है। स्कूल में पढ़ाई के दौरान आपने पंचतंत्र की कहानियां जरूर पढ़ी होंगी। अब इन्हें भारत से 6000 किलोमीटर दूर यूरोप के ऑस्ट्रिया शहर में भी स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत शंभू कुमारन ने 1 जुलाई को वियना के स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां सुनाईं। वियना स्थित भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में राजदूत द्वारा बच्चों को पढ़ाने की गतिविधि को गुरुकुल डिप्लोमेसी का नाम दिया है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उसने लिखा, गुरुकुल डिप्लोमेसी- भारतीय राजदूत शंभू कुमारन वियना में स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां पढ़ा रहे हैं।

